उज्जैन
शनिवार
25
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-171
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



फिल्म 'राका' में कम नहीं होगा दीपिका का रोल... मेकर्स ने रिप्लेसमेंट और रोल छोटा करने की खबरों को बताया गलत, प्रेग्नेंसी में शूटिंग करेंगी

पेज- 8

## इजराइली पीएम को प्रोस्टेट कैंसर हुआ चुपचाप इलाज कराया



**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया कि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर हुआ था। उन्होंने रेडिएशन थेरेपी से इसका चुपचाप इलाज कराया। करीब दो महीने तक इस बीमारी को सार्वजनिक नहीं किया गया और अब इलाज पूरा होने के बाद जानकारी दी गई है। 76 साल के नेतन्याहू ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्हें कैंसर का पता चला। उन्होंने यह भी बताया कि अपनी मेडिकल रिपोर्ट जारी करने में इस साल जानबूझकर देरी की, ताकि ईरान इसे युद्ध के दौरान इजराइल के खिलाफ प्रचार के तौर पर इस्तेमाल न कर सके। यह जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में दी।

## ईरान जंग में खर्च हुईं चीन के लिए रिजर्व मिसाइलें

**वॉशिंगटन।** ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े देशों से होने वाले संभावित युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है। इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं। इस पूरे युद्ध पर 28 से 35 अरब डॉलर खर्च हुए। यानी हर दिन करीब 1 अरब डॉलर (लगभग 90 अरब रुपए) खर्च हुए।

## यूएस प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉप



**वाशिंगटन।** अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित गोल्ड कार्ड वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डॉलर (9 करोड़ रुपए से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है। वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लॉन्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रु. के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए राज्यसभा में नोटिस

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष ने शुक्रवार को राज्यसभा में नोटिस दिया। इस पर 73 सांसदों के दस्तखत हैं। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते। लोकसभा में सीईसी को हटाने के प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। राज्यसभा में इसके लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं।

# परफ्यूम की बोतल के कारण भड़की आग, 4 लोग जिंदा जले

### नीमराना के अवैध कबाड़ गोदाम में धमाके, 1 किमी तक दिखाई दीं लपटें, 2 लोग लापता

ब्रह्मास्त्र ›› नीमराना



राजस्थान के नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) में अवैध कबाड़ गोदाम में आग लगने से 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें दो मासूम भी हैं। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलसी है। दो लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। सभी मृतक झारखंड के हैं। शवों की शिनाख्त डीएनए टेस्ट से होगी।

दावा किया जा रहा है कि हादसा परफ्यूम की बोतल से निकले केमिकल में आग लगने से हुआ। गोदाम में रखे केमिकल ड्रमों में भी ब्लास्ट हुए। घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है। पुलिस के अनुसार गोदाम कृषि भूमि पर बना हुआ है। जिसे कबाड़ का काम करने वाले करण सिंह पुत्र मामन सिंह कोलीला ने किराये पर ले रखा था। शुक्रवार शाम को मजदूर कबाड़ में मिली कुछ परफ्यूम की बोतलें तोड़ रहे थे। इसमें से स्पिरिट जैसा ज्वलनशील केमिकल निकल रहा था। इसी दौरान वहां कबाड़ लोड करने आए एक पिकअप गाड़ी के ड्राइवर ने बीड़ी जलाकर जलती तीली फेंक दी। जिससे केमिकल ने आग पकड़ ली।

#### मजदूरों पर टीनशेड के पिलर पिघल कर गिर गए

- हादसे के वक्त करीब 7 महिला, पुरुष और उनके बच्चे मौजूद थे। कबाड़ में आग फैलते ही सब इधर-उधर भागने लगे। इनमें दो नाबालिग और एक महिला गोदाम के पिछले हिस्से में छुप गए।
- उस हिस्से में कबाड़ नहीं था। उन्होंने सोचा यहां लपटें नहीं पहुंचेंगी, लेकिन भीषण आग से टीनशेड के पिलर पिघलकर उन पर गिर गए। नीचे प्लास्टिक वेस्ट धधकने लगा। इस कारण वो वहीं फंस गए।

#### धमाकों से दहला पूरा इलाका

- गोदाम में रखे केमिकल से भरे ड्रमों में तेज धमाके होने लगे, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। धमाकों की आवाज से आसपास दहशत हो गई।
- स्थानीय लोगों ने बताया कि रुक-रुककर करीब 5 धमाके गोदाम के अंदर हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भी अवैध गोदाम को लेकर प्रशासन से शिकायत की थी, लेकिन गोदाम बंद नहीं कराया गया।

## भारत विश्वगुरु जरूर बनेगा कोई संदेह नहीं: भागवत

### राम मंदिर बनने को लेकर भी लोग शक करते थे, वैसे ही यह लक्ष्य भी अब तय है



ब्रह्मास्त्र ›› नागपुर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और इस पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोग अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर संशय में रहते थे। इसे असंभव मानते थे।

लेकिन आज वह मंदिर सबके सामने साक्षात खड़ा है। ठीक उसी प्रकार, भारत का विश्वगुरु के रूप में पुनरुत्थान भी पूरी तरह निश्चित है और इस यात्रा को रोका नहीं जा सकता। भागवत ने यह बात नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बनने वाले भारत दुर्गा शक्ति स्थल मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में कही। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी मित्रानंदजी महाराज, साध्वी ऋतंभरा और धीरेन्द्र शास्त्री सहित कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे। आरएसएस चीफ ने कहा- देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह न रखें और साहस व आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जीएं। उनके मुताबिक, अगर लोग अपने संकल्प के अनुसार कदम-दर-कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत और नैतिक रूप से सशक्त बनेगा।

### अभिषेक बनर्जी बोले- पहले फेज के बाद बीजेपी में घबराहट

## तेजस्वी के रोड शो में धक्का-मुक्की आज राहुल गांधी की तीन रैलियां

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

टीएमसी के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी ने दावा किया है कि पहले चरण में उनकी पार्टी ने शतक लगा लिया है। डायमंड हार्बर में शुक्रवार रात रोड शो के दौरान उन्होंने कहा कि मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं, लेकिन जब भी मैंने चुनाव नतीजों को लेकर भविष्यवाणी की है, वह सही साबित हुई है। उन्होंने कहा कि 152 सीटों पर चुनाव के बाद भाजपा के खेमे में घबराहट है। वे पत्रकारों को फोन कर यह नैरेटिव चलवाने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा ने पहले फेज में अच्छा प्रदर्शन किया है। भाटपाड़ा में राजद नेता तेजस्वी यादव ने रोड शो किया। इस दौरान भारी भीड़ के बीच लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर अचानक धक्का-मुक्की और हलचल देखने को मिली। आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तीन रैलियां हैं। वे 3 बजे हुगली के में रैली करेंगे। इसके बाद 4.45 बजे कोलकाता के शहीद मीनार मैदान और 5.45 बजे दक्षिण 24 परगना के हाई स्कूल ग्राउंड में सभा को संबोधित करेंगे।

## आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लाइसेंस रद्द किया

### इसकी बैंकिंग सेफ नहीं, ग्राहकों को लौटाने के लिए पर्याप्त पैसा, यूपीआई एप काम करता रहेगा

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

पेटीएम पेमेंट्स बैंक का कामकाज 24 अप्रैल से पूरी तरह बंद कर दिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है।

आरबीआई ने कहा कि बैंक के कामकाज से ग्राहकों का पैसा सुरक्षित नहीं था। हालांकि, यूपीआई एप पहले की तरह चलता रहेगा। आरबीआई ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के पास इतनी नकदी है कि बैंक बंद होने की प्रक्रिया के दौरान वह अपने सभी ग्राहकों




की जमा राशि वापस कर सकता है। इसका मतलब यह है कि जमाकर्ताओं का पैसा डूबने की संभावना नहीं है।

#### आरबीआई ने लाइसेंस रद्द करने की 4 वजह बताई

- **ग्राहकों का नुकसान:** बैंक जिस तरह से काम कर रहा था, उससे वहां पैसा जमा करने वाले लोगों का पैसा सुरक्षित नहीं था।
- **मैनेजमेंट की लापरवाही:** बैंक चलाने वाले अधिकारियों का रवैया और फैसले आम जनता और खाताधारकों के फायदे में नहीं थे।
- **जारी रखने का कोई फायदा नहीं:** रिजर्व बैंक को लगा कि इस बैंक को और ज्यादा चलाने से जनता को कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि जोखिम ही बढ़ेगा।
- **शर्तें तोड़ीं:** बैंक ने लाइसेंस लेते समय जो वादे और नियम (जैसे केवायसी और फंड्स का सही इस्तेमाल) माने थे, उनका लगातार उल्लंघन किया गया।

# मणिपुर के उखरुल में फायरिंग से 3 की मौत

### मिलिटेंट्स ने कई घर जलाए, नगा-कुकी समुदाय में तनाव, 7 अप्रैल से अब तक 10 मौतें

ब्रह्मास्त्र ›› इंफाल



मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार सुबह दो अलग-अलग फायरिंग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मुल्लम गांव के पास सुरक्षाबलों ने करीब 11:25 बजे दो शव बरामद किए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, दोनों आर्मी प्रिंट कपड़ों में थे। उनके शरीर पर गोली के निशान मिले हैं। दूसरी घटना सिनाकेइथेई गांव की है, जहां 29 साल के एच. जमांग नाम के युवक को हमलावरों ने घात लगाकर मार डाला। अधिकारियों ने शव बरामद कर लिया है। कुकी संगठनों ने आरोप लगाया कि नगा मिलिटेंट्स ने सुबह करीब 5:30 बजे उनके गांवों पर हमला किया। इसमें गांव के वॉलंटियर्स मारे गए और महिलाओं-बच्चों सहित कई लोग घायल हुए। हमलावरों ने फायरिंग के साथ कई घरों में आग भी लगा दी। हालांकि नगा संगठनों ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। दोनों समुदायों के बीच तनाव का माहौल है।

## मंत्री प्रतिमा बागरी की बढ़ेंगी मुश्किलें, हाईकोर्ट ने 60 दिन में मांगी रिपोर्ट

**जबलपुर।** एमपी के सतना जिले की रैगांव विधानसभा सीट से विधायक और राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रतिमा बागरी के खिलाफ दायर फर्जी प्रमाण पत्र की याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। शुक्रवार को हाईकोर्ट में प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर सुनवाई हुई और कोर्ट ने प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र को लेकर सरकार से 60 दिन में रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट ने ये भी कहा है कि सरकार के द्वारा दी गई रिपोर्ट की उच्च स्तरीय समिति जांच करेगी।

## खबर एक नजर...

### माता-पिता पत्रिका बांटकर लौटे तो लापता मिली पुत्री

**उज्जैन।** पुत्री की शादी होने पर माता-पिता पत्रिका बांटने गये थे, जब वापस लौटते तो पुत्री घर छोड़कर लापता हो चुकी थी। मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई और पुत्री द्वारा आभूषण साथ रुपए ले जाने की बात भी कहीं है। मामला मक्सीरोड पंवासा क्षेत्र का सामने आया है। यहां रहने वाले परिवार में 1 मई को पुत्री का विवाह होना है। माता-पिता गुरूवार को पत्रिका बांटने गौतमपुरा गये थे। शाम को जब वापस लौटते तो पुत्री घर छोड़कर लापता हो चुकी थी। सभी जगह तलाश करने पर नहीं मिली तो मामले की शिकायत पंवासा थाने पहुंचकर की गई। परिजनों का कहना था कि तलाश के दौरान पता चला कि पुत्री को दूसरे धर्म के युवक बहला-फुसलाकर साथ ले गया है। उन्होने पुलिस को यह भी बताया कि लापता हुई पुत्री घर से लाखों के आभूषण और नगद रुपए भी अपने साथ ले गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उक्त युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक सवारों ने पथराव कर बस के फोड़े कांच

**उज्जैन।** राघवी थाना क्षेत्र के महिदपुर-घौंसला रोड माधोपुरा फंट पर यात्रीप्रतिक्षालय के पास बाइक साइड में करने की बात पर बस चालक और कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। युवको ने बस को रोक लिया और पथराव कर कांच फोड़ दिये। पथराव में बस कंडक्टर रविपुरी निवासी बैजनाथ महिदपुर घायल हो गया। राघवी थाना पुलिस ने बस चालक ईश्वरसिंह चौहान ग्राम काजीखेडी की शिकायत पर पथराव करने वाले बाइक सवार युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

### नौकरी से निकाले गये कर्मचारी ने टोल पर की तोड़फोड़

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम तुलाहेड़ा टोल प्लाजा पर गुरूवार-शुक्रवार रात तोड़फोड़ और मैनेजर को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया। मैनेजर कैलाश पिता शिवकुमार उपाध्याय निवासी संगम बिहार नई दिल्ली हाल तुलाहेड़ा टोल ने घट्टिया थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और बताया कि कुछ समय पहले पंकज शर्मा नाम कर्मचारी को नौकरी से निकाल दिया गया था। रात में वह अपने कुछ साथियों के साथ टोल पर आया और कंट्रोलरूम में तोड़फोड़ कर वापस नौकरी पर रखने की बात कहने लगा। उसका कहना था कि नौकरी पर नहीं रखा तो जान से मार देगा। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर पंकज की तलाश शुरू की है।

### 10 से ज्यादा खेतों में लगे बोरवेल में से वायर तोड़ कर चुरा ले गए बदमाश

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र में 10 से ज्यादा खेतों में लगे बोरवेल में तोड़कर कर बदमाश हजारों रुपए कीमत के वायर चुराकर ले गए। ग्रामवासियों ने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया है। ग्राम गंगेड़ी निवासी धर्मेंद्र पिता परमानंद बागवान ने इस संबंध में चिंतामण थाने में आवेदन दिया है। धर्मेंद्र ने बताया 23 अप्रैल की सुबह करीब 7-8 बजे मैं रोज की तरह खेत पर लगे बोरवेल का पंप चालू करने के लिए गया था। खेत पर पहुंचा तो देखा कि बोरवेल में लगी पहली लाइन उखड़ी पड़ी हुई है और बाकी की लाइन एवं पंप बोरवेल में अंदर गिरा पड़ा है। अज्ञात बदमाश पंप की 100-125 फीट केबल में से कॉपर वायर को निकालकर केबल का कवर वहीं छोड़ दिया। धर्मेंद्र ने जब आसपास के किसानों को इस बारे में सूचना दी तो पता चला कि उनके पड़ोस के अर्जुन पिता भेरूलाल बागवान निवासी गंगेड़ी, वीरेंद्र सिंह पिता बालूसिंह आंजना निवासी बृजराजखेड़ी, जितेंद्र पिता सौदानसिंह राठौर निवासी गंगेड़ी, गोविंद राम पिता सुखराम बागवान निवासी गंगेड़ी, हिम्मत पिता नाथूसिंह निवासी बृजराजखेड़ी, निरंजन पिता पन्नालाल पांचाल निवासी बृजराजखेड़ी सहित कुछ अन्य किसानों के खेतों में लगे बोरवेल में भी पंप की केबल के कॉपर वायर की चोरी कर पंप को बोरवेल में गिरा कर नुकसान पहुंचाया गया है। गुरुवार को पुलिस को इन घटनाओं की शिकायत की, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके चलते गुरुवार-शुक्रवार की रात फिर कुछ खेतों से शेष कॉपर वायर भी बदमाश चुराकर ले गए।

---

**गृहणियों पर दोहरी मार : गैस टंकी मिलना मुश्किल हुआ, बिजली कटौती से खाना पकाना हराम हुआ**

# दंपत्तियों में पारिवारिक कलह का आधार भी बना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गैस एवं बिजली ने आम आदमी के घर की रसोई को प्रभावित कर दिया है। घरों में गृहणियों के लिए बराबर तनाव की स्थिति बढ़ती जा रही है। ऐसे में घर की रसोई से समय पर भोजन नहीं पकने और मिलने पर दंपत्तियों के पारिवारिक कलह का आधार भी ये कारण बन रहे हैं। हालांकि अब तक ऐसा मामला कहीं पंजीबद्ध रूप से सामने नहीं आया है लेकिन गैस टंकी न मिलने और बिजली की कटौती से महिलाओं को प्रताड़ित होना पड़ रहा है। इसके साथ ही घरेलू उपकरण भी प्रभावित हो रहे हैं।

गैस टंकी के लिए शहर भर की एजेंसियों पर मारा-मारी के हाल चल रहे हैं। तीनों कंपनियों की एजेंसियों में कतार देखी जा सकती है और उनकी एजेंसी से लेकर डिस्ट्रीब्यूशन पाइंट तक यही स्थिति बनी हुई है। मुश्किलों से मिल रही गैस टंकी के लिए आम उपभोक्ता को



अतिरिक्त परिवहन शुल्क जेब से भुगतना पड़ रहा है। ऐसे में उपभोक्ता बिजली से चलने वाले उपकरणों का सहारा लेने लगा था लेकिन वहां भी परेशानियों ने आम उपभोक्ता की रसोई को ही प्रभावित कर दिया है। गैस टंकी के लिए भी महिलाओं को मशक्कत करते देखा जा सकता है।

### हर एक-दो घंटे में कटौती

भीषण गर्मी के दौरान हर 1-2 घंटे में 5-10 मिनट से लेकर 25-30 मिनट तक शहर के सभी झोनों में बिजली कटौती की जा रही है। जानकारी लेने पर लाईन ट्रीप एवं अन्यानेक कारण बताए जा रहे हैं। ऐसे में घरेलू स्थिति में महिलाओं को अपने कार्यों को करने में काफी समस्या आ रही है। कई घरों में बिजली से चलने वाले इंडक्शन पर खाना बनाने में इस कटौती से परेशानी की स्थिति बन रही है। महिलाओं को इस परेशानी से निपटना पड़ रहा है। बार-बार की कटौती से बिजली उपकरण भी प्रभावित हो रहे हैं और महिलाओं को ही ऐसे में मशक्कत करना पड़ रही है।

### कभी दाल अधकच्ची तो कभी रोटी

बिजली की बार-बार कटौती से घरों में भोजन बनाने में महिलाओं को परेशानी का आलम यह है कि कभी दाल अधकच्ची बन रही तो कभी रोटी इससे प्रभावित हो रही है। नीलगंगा क्षेत्र की रहने वाली नीलम सिसौदिया बताती हैं कि टंकी की समस्या के निदान के लिए उन्होंने डेढ़ हजार रूपए खर्चकर इलेक्ट्रिक इंडक्शन चुल्हा खरीदा। टंकी न मिलने की स्थिति में रसोई बंद तो नहीं की जा सकती है। ऐसे में इंडक्शन पर दाल चढ़ाई और कुछ देर में ही बिजली चली गई। जो करीब 20 मिनट बाद आई लेकिन इस दौरान दाल बोथरा गई और उसके बाद अधकच्ची दाल ही रही। इसी तरह से रोटी बनाने के दौरान भी लाईट जाने पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### गर्मी में कटोती परेशानी

ऋषिनगर निवासी राजकुमारी बताती हैं कि बार-बार कुछ कुछ देर की कटौती के दौरान रसोई में काम करना परेशानी और यातना जैसा ही लगता है। कटौती अक्सर सुबह के उस समय में की जाती है जब गृहणियां गृह कार्य में व्यस्त होती हैं। अक्सर पूछने पर मेंटेनेंस की बात कही जाती है। सूचना के अभाव में इससे परेशानी और बढ़ जाती है। अक्सर जब सूचना के बारे में पूछा जाता है तो जवाब मिलता है कि आकस्मिकता है इसमें सूचना कैसे दी जा सकती है।

### घरेलू उपकरण भी प्रभावित

संजय नगर निवासी संजू मेहरा बताती हैं कि दिन में 1-2 घंटों में बार-बार कटौती से घरेलू उपकरण प्रभावित हो रहे हैं। पिछले दो माह में उनके घर में बिजली उपकरणों के मेंटेनेंस पर ही करीब 5 हजार रूपए का व्यय करना पडा है। इस दौरान घर की एलईडी, टयूब लाईट, कंम्प्यूटर, पंखे खराब हुए। शिकायत कोई सुनने को तैयार नहीं है।

---

# संभागायुक्त व कलेक्टर ने मार्गों का किया निरीक्षण



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का संभागायुक्त व सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। दोनों अफसरों ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए काम के दौरान यातायात बाधित न हो। उन्होंने कहा मार्ग के एक हिस्से का काम पहले पूरा करें, ताकि एक लेन से आवाजाही जारी रह सके।

निरीक्षण के दौरान बारिश से पहले जरूरी कार्य पूरे करने पर जोर दिया गया। आशीष सिंह ने कहा कि जहां नाली निर्माण और अन्य कार्य बाकी हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ तय समय में पूरा किया जाए। उद्देश्य यह है कि बारिश में जलभराव न हो और आवागमन प्रभावित न हो।

निरीक्षण की शुरूआत नानाखेड़ा के गेल इंडिया चौराहे के पीछे केटीएम शोरूम से नीलगंगा चौराहा तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य से हुई। मौके पर मौजूद इंजीनियर ने बताया कि 150 मीटर क्षेत्र में डीएमसी का काम पूरा हो चुका है। नाली निर्माण प्रतिदिन लगभग 50 मीटर की गति से किया जा रहा है। आशीष सिंह ने दोनों ओर की नालियों का काम बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद आशीष सिंह और रौशन कुमार सिंह ने गढ़कालिका माता मंदिर से ओंखलेश्वर श्मशान घाट होते हुए भैरवगढ़ तक नए मार्ग निर्माण का अवलोकन किया। दोपहर में उन्होंने छत्री चौक से दानीगेट और कंठाल चौराहा से निजातपुरा तक चल रहे चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति भी देखी। अधिकारियों ने काम की गति और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

---

# लावण्या शर्मा ने नेशनल टेलेंट सीरीज लॉन टेनिस स्पर्धा में खिताब जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन द्वारा मध्यप्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से इंदौर टेनिस क्लब में राष्ट्रीय स्तर की नेशनल टेलेंट सीरीज लॉन टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उज्जैन की लावण्या शर्मा ने कन्या वर्ग की चैंपियनशिप अपने नाम की। फाइनल मुकाबले में लावण्या ने गुजरात की आरना खत्री को सीधे सेटों में 6-1 और 6-3 से हराकर खिताब जीता। लावण्या की इस जीत को खास इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि यह उनकी पहली राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में कुल पांच मैच खेले और किसी भी मैच में एक भी सेट नहीं गंवाया, जबकि हर मुकाबले में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बनाए रखी। जानकारी के अनुसार, इससे पहले उज्जैन की किसी खिलाड़ी ने इस चैंपियनशिप में यह उपलब्धि हासिल नहीं की थी। लावण्या की सफलता पर राकेश गुप्ता, हरोड, कैलाश माहेश्वरी, सुनील कच्छवाय, अनंत यादव, अभिषेक गुप्ता, कल्पना शर्मा, बी के शर्मा, योगी जयवर्धन भारद्वाज और कोच प्रकृति शर्मा ने हर्ष जताया। जानकारी कोच प्रकृति शर्मा ने दी।



---

**मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सड़क की चौड़ाई 60 फीट से कम कर की मांग की**

# चौबीस खंभा माता मंदिर से छोटा रुद्रसागर तक 45 फीट करें सड़क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के चलते सड़क चौड़ीकरण को लेकर चौबीस खंबा माता मंदिर से छोटा रुद्रसागर (हरसिद्धि की पाल) तक 60 फीट प्रस्तावित सड़क करने के खिलाफ व्यापारियों और रहवासियों ने विरोध जताया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में रहवासी-व्यापारी कोठी स्थित संकुल भवन में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सड़क की चौड़ाई 60 फीट से कम कर 45 फीट करने की मांग की। रहवासियों का कहना है प्रस्तावित मार्ग पर कई प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक भवन और पारंपरिक संरचनाएं हैं, जो शहर की सांस्कृतिक पहचान हैं। इन धरोहरों को नुकसान



पहुंचने की आशंका है।

लोगों के अनुसार इस मार्ग पर 350 से अधिक मकान हैं, जिनमें करीब 70% व्यावसायिक और 30% आवासीय हैं। व्यापारियों ने कहा कि यदि सड़क 60 फीट चौड़ी होती है तो बड़ी संख्या में दुकानें और मकान टूटेंगे, जिससे भारी आर्थिक नुकसान होगा। ज्ञापन सौंपते समय मनोज दुग्गड़, मोहन वासवानी, कप्तान बोबल, दामोदरदास सुगंधी, बबन तोतला, धर्मेंद्र राठौर, नागिन जैन, जितेंद्र जैन, आनंद मोढ़, संजीव कक्कड़, जितेंद्र चावरे, नीरज बगाया, विजय खंडेलवाल और प्रकाश बोकाड़े मौजूद रहे।

रहवासियों ने प्रशासन को सुझाव दिया है कि इस मार्ग पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए, जिससे कम चौड़ाई में भी यातायात सुचारू रूप से संचालित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि इस मार्ग से न तो पेशवाई निकलती है और न ही महाकालेश्वर मंदिर की सवारी गुजरती है। वहीं हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र पहले से ही नो-व्हीकल जोन है, ऐसे में अतिरिक्त चौड़ीकरण की जरूरत नहीं है।

उज्जैन
शनिवार
25
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

क्षणशः कणशश्चैव विद्यामर्थं च साधयेत्।
क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्।।
अर्थः एक क्षण भी गँवाए बिना ज्ञान चाहिए और एक-एक कण को बचाकर धन इकट्ठा करना चाहिए। क्षण को खो देने वाले को ज्ञान कहाँ और कण को क्षुद्र समझने वाले के लिए धन कहाँ है?

टारगेट पर थे बड़े परिवार के बच्चे, कई दिन की रेकी, धोखे में नैतिक-सम्राट को उठाया

# शॉर्टकट से पैसा कमाने इंदौर में रची किडनैपिंग की साजिश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के लालाराम नगर क्षेत्र में गुरुवार देर शाम नैतिक (9) और सम्राट (11) के अपहरण के मामले में पुलिस ने महज 7 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। अपहरण की साजिश बेरोजगारी और जल्दी पैसा कमाने की चाह में पड़ोसियों ने ही रची थी।

पूछताछ में उन्होंने पुलिस को बताया कि जिस इलाके में वह रहती है, वहां आसपास के गार्डनों में अच्छे घरों के बच्चे खेलने आते हैं। इसलिए उनका किडनैप कर फिरौती में बड़ी रकम मांगी जा सकती है। इसके बाद दोनों ने बच्चों का अपहरण की साजिश रची। आरोपियों ने गार्डन में खेलने आने वाले बच्चों को निशाना बनाया और फिरौती वसूलने के लिए कई दिनों तक रेकी की।

हालांकि, राधिका ने रेकी के बाद तनीषा को गार्डन के सामने रहने वाले एक बड़े परिवार के दो बच्चों को उठाने के लिए कहा था, लेकिन वह धोखे में दूसरे परिवार के बच्चों का अपहरण कर अपने साथ ले गई। आरोपी अपहरण के बाद भी बच्चों के परिवार की आर्थिक स्थिति का सही अंदाजा नहीं लगा सके। पूरे मामले का खुलासा नैतिक उर्फ डग्गू के चचेरे भाई ध्रुव की सतर्कता से हुआ। उसकी होशियारी से समय रहते परिवार और पुलिस सक्रिय हो गई और दोनों बच्चों को सुरक्षित छुड़ा लिया गया। साजिश के मास्टरमाइंड तिलक नगर एक्सटेंशन निवासी विनीत (22) और उसकी बहन राधिका प्रजापति (19) हैं। उन्होंने अपने दोस्त ललित सेन (21) और उसकी पत्नी तनीषा (20) के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है।





पलासिया इलाके के तिरुपति बगीचे के पास रहने वाले नैतिक के चचेरे भाई ध्रुव ने बताया कि वह करीब 10 मिनट पहले तक बगीचे में ही खेल रहा था। इसी दौरान उसने पेट दर्द होने की बात कहकर घर जाने की बात कही। उसने नैतिक से भी साथ चलने को कहा, लेकिन नैतिक ने 10 मिनट बाद आने की बात कही। जब वह वापस नहीं आया तो ध्रुव दोबारा बगीचे पहुंचा। वहां उसे एक दोस्त बाहर आता मिला। उससे नैतिक के बारे में पूछने पर उसने बताया कि पिछले दो दिनों से बगीचे में आ रही एक महिला नैतिक को अपने साथ ले गई है और सम्राट भी उसके साथ गया है। इसके बाद ध्रुव घर पहुंचा और अपने पिता राहुल सोनकर को जानकारी दी। फिर वह चाची के पास बुटीक पर गया और पूरी घटना से अवगत कराया।

### पड़ोसी के कैमरे में कैद हुए आरोपी

नैतिक की मां पूजा ने बताया कि जब ध्रुव ने उन्हें घटना की जानकारी दी, तो उन्होंने पहले आसपास तलाश शुरू की। पास ही कशिश मैडम का घर है। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर नैतिक और सम्राट एक महिला के साथ जाते हुए नजर आए। इसके बाद परिवार को अपहरण की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। पूजा ने बताया कि बेटे नैतिक को उनका मोबाइल नंबर याद था। उसने अपहरणकर्ताओं को नंबर दे दिया, जिसके बाद उनके पास फिरौती के लिए कॉल आया।

**सम्राट के परिवार को नहीं थी जानकारी-** सम्राट का घर गार्डन से कुछ दूरी पर है, इसलिए उसकी मां उर्मिला को शुरूआत में इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनका बेटा लापता है। बाद में नैतिक के परिवार से उन्हें पता चला कि सम्राट का भी अपहरण हो गया है। उर्मिला ने बताया कि करीब रात 9 बजे उनके पास कॉल आया, जिसके बाद वह घबरा गईं और बेटे को ढूंढने के लिए लोगों से मदद मांगने लगीं। बाद में पुलिस ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वे लगातार प्रयास कर रही हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एमवाय अस्पताल परिसर में नर्सिंग हॉस्टल तोड़ने का विरोध

# प्रबंधन से 6 माह की मांगी मोहलत

### बार-बार नोटिस जारी कर परेशान करने का आरोप

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

एमवाय अस्पताल परिसर में वर्किंग नर्सिंग हॉस्टल को तोड़ने पहुंची टीम के सामने विवाद की स्थिति बन गई। करीब पौन घंटे तक विरोध चला, जिसके बाद टीम को लौटना पड़ा।

दरअसल, वर्किंग नर्सिंग हॉस्टल के पास एमवाय अस्पताल की नई बिल्डिंग बननी है, जिसके चलते इसे खाली कराकर तोड़ा जाना है। यहां रहने वाले 15 नर्सिंग स्टाफ को एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने पहले भी नोटिस दिए थे, लेकिन वे लगातार समय मांग रहे थे।



शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की टीम पुलिस बल, बाउंसर और मजदूरों के साथ पहुंची और हथौड़ों से तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस पर नर्सिंग स्टाफ ने विरोध किया, जिससे विवाद की स्थिति बन गई।

महिला स्टाफ का कहना था कि वे पहले ही आवेदन देकर छह माह का समय मांग चुकी हैं। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला ने भी उन्हें आश्वस्त किया था, लेकिन बार-बार नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है।

स्टाफ का कहना है कि हॉस्टल के पीछे बने पुराने स्टाफ क्वार्टरों को 6 माह का समय दिया है। इसी तरह केईएच कम्पाउंड और दवा बाजार के सामने सरकारी क्वार्टरों में रहने वाले कर्मचारियों को भी 6 माह का समय मिला है, लेकिन उन्हें बेदखल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विकल्प के रूप में आईडीए की निरंजनपुर बिल्डिंग में शिफ्ट होने को कहा गया है, जहां किराया 9 हजार रुपए है, जिसे वे वहन नहीं कर सकते।

## एमपी पीएससी का बड़ा कदम कमांड कंट्रोल रूम तैयार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षाओं की मॉनिटरिंग के लिए अत्याधुनिक कमांड कंट्रोल रूम शुरू किया है। अब हर परीक्षा की सीधी मॉनिटरिंग इसी के जरिए होगी। शुरूआत राज्य व वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा से होगी। यह परीक्षा रविवार को है। 54 जिलों में 355 एग्जाम सेंटर रहेंगे। 1 लाख 35 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। ये सभी सेंटर सीसीटीवी व मोबाइल के जरिए कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्ट रहेंगे। पीएससी की अब आगे जो भी परीक्षा होगी, उन सभी में कंट्रोल रूम से ही मॉनिटरिंग होगी। नकल रोकने से लेकर परीक्षा से जुड़ी हर समस्या का सीधा समाधान इसके जरिए हो सकेगा। आयोग परिसर में तैयार इस कंट्रोल रूम का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. राजेश लाल मेहरा ने किया। सचिव शीतला पटले, उप सचिव कीर्ति खुरासिया, सदस्य नरेंद्र कोष्ठी, डॉ. पिंकेश लता रघुवंशी, परीक्षा नियंत्रक वीरेंद्र कुमार गुप्ता, ओएसडी डॉ. रवींद्र पंचभाई, निधि राजपूत, एनआईसी के निदेशक शैलेंद्र नाहर व दीपक द्विवेदी उपस्थित थे।

# इंदौर में 13 साल की दुल्हन, 42 का दूल्हा..शादी कैंसिल

## जांच करने पहुंची टीम को दिखा दी फर्जी मार्कशीट, 19 साल के भाई की शादी भी रोकी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में 13 साल की नाबालिग का विवाह 42 साल के युवक से कराए जाने का मामला सामने आया है। शादी 25 अप्रैल को तय थी, लेकिन सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। जांच के दौरान परिजनों ने उम्र छिपाने के लिए फर्जी अंकसूची पेश कर दी, लेकिन वेरिफिकेशन में सच्चाई सामने आ गई और समय रहते विवाह रुकवा दिया गया।

प्रशासनिक टीम ने दस्तावेजों की जांच जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कराई, जिसमें पता चला कि प्रस्तुत अंकसूचियां संबंधित स्कूलों द्वारा जारी ही नहीं की गई थीं। जांच में बालिका की उम्र 13 वर्ष और उसके भाई की उम्र 19 वर्ष पाई गई, जबकि परिवार की ओर से अधिक उम्र बताई जा रही थी। इसके बाद दोनों बालक-बालिकाओं के विवाह निरस्त कर दिए गए। मामले में सामने आया कि बेटी दो-बेटी लो जैसी सामाजिक प्रथा के तहत एक बुजुर्ग ने अपने पोते की शादी कराने के लिए 13 वर्षीय पोती का रिश्ता 42 वर्षीय व्यक्ति से तय कर दिया था। प्रशासनिक दल ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और परिजनों को समझाइश दी कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और बेटी का विवाह निर्धारित उम्र में ही किया जाना चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने बताया कि हेल्पलाइन पर शिकायत मिलने के बाद ग्राम रंगवासा में जांच की गई थी। प्रारंभिक जांच में परिवार ने मार्कशीट दिखाकर उम्र सही बताने की कोशिश की, लेकिन संदेह होने पर गहन जांच कराई गई, जिसमें फर्जीवाड़ा सामने आया।



**स्कूल ने बताया- हमारे यहां नहीं की पढ़ाई-** इंदौर की अंकसूची को संबंधित स्कूल ने फर्जी बताया। स्कूल ने स्पष्ट किया कि यह अंकसूची उनके यहां से जारी नहीं हुई है और न ही संबंधित बालक-बालिका वहां पढ़े हैं। होशंगाबाद की अंकसूची के अनुसार बालिका की उम्र 13 वर्ष और बालक की उम्र 19 वर्ष पाई गई। अंकसूचियों के सत्यापन के बाद टीम तत्काल बाल विवाह रोकने के लिए रवाना हुई। मौके पर परिवार से मूल दस्तावेज मांगे गए, लेकिन उनके पास केवल मोबाइल में फोटो ही थे। असली दस्तावेज किसी के पास नहीं थे। कार्रवाई के डर से परिजनों ने समधी के पास कागज होने की बात कही, लेकिन वे भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। कानून की जानकारी देने पर परिवार विवाह निरस्त करने को तैयार हो गया।

**इंदौर से उज्जैन तक निगरानी-** विवाह उज्जैन की चंद्रवंशी बागरी समाज धर्मशाला में होना था। सूचना उज्जैन प्रशासन को भी दी गई, ताकि वहां भी निगरानी रखी जा सके। सांवेर तहसील के ग्राम दयाखेड़ा में होने वाले विवाह को भी तहसीलदार पूनम तोमर के माध्यम से रुकवाया गया।

**मौके से हटवाया टेंट और साउंड सिस्टम-** रंगवासा में विवाह के लिए मंडप सज चुका था और साउंड सिस्टम चल रहा था। उम्र कम पाए जाने पर तुरंत टेंट और साउंड वालों को कानून की जानकारी देकर सामग्री हटवाई गई। कुछ ही देर में पूरा सामान हटा दिया गया। विवाह पत्रिका छापने वाले को भी चेतावनी दी गई, जिसके बाद उसने लिखित में माफी मांगी।

## खबर एक नजर...

### चर्चित शिल्पू मर्डर केस में तीन को उम्रकैद



**इंदौर।** 2016 में इंदौर के लेमन ट्री होटल में हुई महिला शिल्पू भदौरिया हत्याकांड में जिला कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपी ग्वालियर के रहने वाले हैं। आरोपियों के नाम आशुतोष पिता सुधाकर जोहरे, शैलेंद्र पिता पवन सारस्वत और नीरज पिता हर्ष कुमार दंडोतिया तीनों निवासी ग्वालियर हैं। घटना 7 अगस्त 2016 को होटल लेमन ट्री में हुई थी। यहां चौथी मंजिल पर ठहरी शिल्पू भदौरिया का शव रात 8.40 बजे ग्राउण्ड फ्लोर पर मिला था। वह संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई थीं। शुरूआत में मामला आत्महत्या का लग रहा था, लेकिन जब पुलिस ने जांच की तो पता चला कि घटना वाली रात शिल्पू का दोस्त आशुतोष और उसके दो दोस्त शैलेंद्र और नीरज भी वहीं थे। इस दौरान इनमें आपस में विवाद हुआ था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि शिल्पू के शरीर पर मृत्यु के पूर्व चोट के निशान थे और उसका गला घोंटा गया था। इस आधार पर पुलिस ने तीनों से पूछताछ की तो उन्होंने स्वीकारा कि उनका शिल्पू से विवाद हुआ था और उन्होंने उसकी हत्या कर शव नीचे फेंका था। जांच में सामने आया कि हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी और आत्महत्या दिखाने की कोशिश की गई थी।

### कर्जदार पड़ोसी भाई-बहन ही निकले मास्टरमाइंड

**इंदौर।** ग्रेटर तिरुपति नगर के गार्डन से दो बच्चों नैतिक सोनकर (10) और सम्राट जयदेव (11) के अपहरण और 15 लाख रुपए की फिरौती मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। घटना के मास्टरमाइंड पास के ही मोहल्ले (तिलक नगर एक्सटेंशन) में रहने वाले कर्जदार भाई-बहन निकले। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के अनुसार, पकड़े गए आरोपी विनीत (22) और उसकी बहन राधिका प्रजापति (19) हैं। इन्होंने दत्त नगर निवासी दोस्त ललित सेन (21) और उसकी पी तनीषा (20) के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि ये आरोपी 8 दिन पहले तिलक नगर की ही एक ज्वेलरी शॉप को भी लूटने वाले थे। सौदेबाजी के दौरान आरोपी विनीत ने धमकाया था कि पैसे नहीं मिले तो बच्चे काली थैली में मिलेंगे।

### घर में लगी आग, छत पर फंसे लोग, रहवासियों ने बुझाई

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में एक घर की छत पर भीषण आग लग गई। आग इतनी जल्दी फैली कि छत पर खड़े लोगों को बाहर निकलने का समय ही नहीं मिला। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप ले लिया। आसपास के रहवासियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू करने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक घटना शुक्रवार दोपहर 12 बजे के करीब कुशवाह नगर स्थित एक घर में हुई। छत पर मौजूद लोगों को निकलने का रास्ता नहीं मिल रहा था। ऐसे में आसपास के रहवासियों ने अपनी छतों से पानी डालकर आग बुझाई। लोगों को निकालने के लिए लोग नीचे तिरपाल लेकर खड़े हो गए। फिर आग में फंसे लोगों से तिरपाल पर कूदने का बोलने लगे। समय रहते टंकियों से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

## खबर एक नजर...

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने मनाया चित्रगुप्त प्रगट उत्सव

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की उज्जैन इकाई द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्रगट उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के तट पर स्थित अति प्राचीन मंदिर में, सृष्टि के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की प्रातः विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजन-अर्चन के पश्चात भगवान चित्रगुप्त को हलवा, खीर, पेड़े और केले का भोग लगाया गया। इसके उपरांत नदी के घाट पर आए सभी तीर्थयात्रियों व श्रद्धालुओं को यह प्रसाद वितरित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में मध्य प्रदेश महिला इकाई की प्रदेश महामंत्री आरती खरे, जिला इकाई की अध्यक्ष डॉ. संध्या सक्सेना, अलका श्रीवास्तव, सरोज बाला श्रीवास्तव, सुषमा खरे, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, निखिलेश खरे, घनश्याम सक्सेना, विजय माथुर और मास्टर श्रीवास्तव सहित समाज के कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### डॉक्टर्स गॉट टैलेंट' में 25 अप्रैल को गूंजेंगे सप्त सुर

**उज्जैन।** शहर के कालिदास संकुल स्थित बड़े हॉल में 25 अप्रैल की शाम 7 बजे से संगीतमय कार्यक्रम 'डॉक्टर्स गॉट टैलेंट' का आयोजन किया जा रहा है। सप्त सुर परिवार म्यूजिकल ग्रुप के आयोजक, संयोजक एवं संस्थापक डॉ. पिंकेश डफरिया ने बताया कि इस आयोजन में आईएमए उज्जैन के चुनिंदा सुरीले चिकित्सक 'ऑल टाइम हिट्स' गीतों पर अपनी विशेष प्रस्तुति देंगे।

इस संगीतमय शाम में मुख्य रूप से डॉ. पिंकेश डफरिया, डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. रूपेश खत्री, डॉ. पराग शर्मा, डॉ. सम्राट घोष, डॉ. अनिल दुबे, डॉ. सुनील समरवाल, डॉ. दिनेश सिसोदिया, डॉ. चिन्मय, डॉ. मयंक गुप्ता, डॉ. प्रतीक तिवारी, डॉ. अनिल प्लोड़, डॉ. नन्नोरे, डॉ. मनीष सिद्धा, डॉ. अनुराधा पंचोली, डॉ. कीर्ति देशपाण्डे, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. निवेदिता तिवारी, डॉ. सपना मंगल, डॉ. सपना शर्मा और डॉ. पूजा दाबोवाले अपनी स्वर लहरियां बिखेरेंगे।

कार्यक्रम में सूत्रधार की भूमिका डॉ. अर्चना माहेश्वरी और डॉ. अंशु घोष निभाएंगी। वहीं, मंच प्रभारी का दायित्व श्री जयेश भावसार संभालेंगे।

# चौबीस खंभा मार्ग से छोटा रुद्रसागर तक चौड़ीकरण में संशोधन हेतु व्यापारियों, रहवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## 60 की बजाय 45 फीट सड़क करने की मांग, 350 से अधिक भवन स्वामियों का रोजगार संकट में

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

आगामी सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत शहर में प्रस्तावित विकास कार्यों के बीच चौबीस खंभा माता मंदिर से छोटा रुद्रसागर तक मार्ग चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने चिंता जताई है। क्षेत्र के व्यापारियों और भवन स्वामियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित 60 फीट चौड़ीकरण में संशोधन की मांग की है। उन्होंने इस चौड़ाई को घटाकर 45 फीट करने की अपील की है, ताकि शहर के विकास के साथ-साथ उनका रोजगार और अस्तित्व भी बचा रहे।




फूलचंद जड़िया ने बताया कि यह मार्ग उज्जैन की अति प्राचीन धरोहर है, जहां अद्भुत वास्तुकला वाले कई प्राचीन भवन और मंदिर स्थित हैं। प्रस्तावित मार्ग पर लगभग 30 प्रतिशत आवासीय और 70 प्रतिशत व्यावसायिक भवन हैं। 60 फीट चौड़ीकरण होने से 350 से अधिक भवन पूरी तरह टूट जाएंगे। इनमें संचालित रेस्टोरेंट, भोजनालय और आवास गृह नष्ट होने से सैकड़ों परिवारों के सामने बेघर और बेरोजगार होने का बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा।

रहवासियों ने प्रशासन को दिए मांग पत्र में तर्क दिया कि इस मार्ग से न तो सिंहस्थ की पेशवाई निकलती है और न ही भगवान महाकालेश्वर की सवारी निकाली जाती है। प्रशासन द्वारा यहां पहले से ही 'वन-वे' व्यवस्था लागू की गई है। इसके अलावा आगे जाकर यह मार्ग हरसिद्धि माता मंदिर क्षेत्र में 'नो व्हीकल जोन' में तब्दील हो जाता है। इन सभी कारणों के आधार पर प्रस्तावित मार्ग को 60 की जगह 45 फीट चौड़ा किया जाना पूरी तरह संभव और अनुकूल है।

रहवासियों ने स्पष्ट किया कि वे शासन-प्रशासन के विकास कार्यों में सहयोग के लिए तत्पर हैं। यदि चौड़ाई 45 फीट रखी जाती है, तो नगर का विकास भी जारी रहेगा और वे आगामी सिंहस्थ की सफलता में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान कर सकेंगे। रहवासियों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का उचित निराकरण नहीं होता है, तो वे शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री के समक्ष अपना पक्ष रखकर अपनी आजीविका व धरोहरों को बचाने की अपील करेंगे।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से मनोज दुग्गड़, मोहन वासवानी, कप्तान बोबल, दामोदर दास सुगंधी, बबन तोतला, धर्मेंद्र राठौर, नागिन जैन, जितेंद्र जैन, आनंद मोड, संजीव कक्कड़, जितेंद्र चावरे, नीरज बगाया, विजय खंडेलवाल और प्रकाश बोकाड़े आदि उपस्थित थे।

### अजाक्स के चार नए जिला अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** अजाक्स संगठन द्वारा विभिन्न जिलों में चार नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्तियाँ आईएएस जे.एन. कंसोटिया एवं प्रदेश अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा के निर्देशानुसार तथा संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी की सहमति से की गईं। नियुक्त पदाधिकारियों में रतलाम से चन्द्रशेखर लश्करी, देवास से हेमराज गोखले, शाजापुर से बी.एल. पंवार तथा आगर से संतोष जादमे को जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

# बोधगया में निकली पैदल धम्मयात्रा, बोधिवृक्ष के नीचे गूंजे बुद्ध के उपदेश

### इण्डिया-श्रीलंका फाउंडेशन का आयोजनः भिक्खुओं को मिले प्रमाण पत्र, पूर्व में उज्जैन में भी लग चुका है शिविर

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

इण्डिया-श्रीलंका फाउंडेशन के तत्वावधान में ऑल इण्डिया भिक्खु संघ मुख्यालय बोधगया से महाबोधि मेन टेम्पल तक एक विशाल पैदल धम्मयात्रा का आयोजन किया गया। इस धम्मयात्रा और संघदान में देशभर से फाउंडेशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बौद्ध भिक्खुओं के साथ-साथ बोधगया में निवास करने वाले भिक्खु भी सम्मिलित हुए।



उल्लेखनीय है कि बौद्ध भिक्खुओं को प्रशिक्षित करने वाले ऐसे शिविर पूर्व में उज्जैन सहित दतिया, चेन्नई, झांसी और सांची में भी आयोजित किए जा चुके हैं। अगला आयोजन 28 जून को दिल्ली में प्रस्तावित है। अंत में परियोजना प्रभारी भिक्खु डॉ. सुमेध थेरो ने सभी का आभार व्यक्त किया। ऑल इण्डिया भिक्खु संघ के महासचिव भिक्खु प्रज्ञादीप महाथेरो ने सभी की मंगल कामनाएं करते हुए बोधिवृक्ष के नीचे विस्तार से प्रवचन दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सिद्धार्थ से बुद्ध बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ और इस कार्य में ग्वाला सुजाता आदि ने किस तरह मदद की। इस अवसर पर श्रीलंका में धम्म का अध्ययन कर लौटे भिक्खुओं के साथ-साथ कोरिया और थाईलैंड के बुद्ध विहारों के भिक्खुओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। इनमें पुणे के भन्ते धम्मधर थेरो, फिरोजाबाद के भन्ते प्रज्ञारतन थेरो, मदनपुर रायबरेली के भन्ते जितेन्द्र वर्धन थेरो, बछरावां रायबरेली के धम्मपाल थेरो, धम्मशील, महेन्द्र और नागपुर बोधगया के भन्ते मंगल महाथेरो एवं विमलानन्द प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में भिक्खुओं के लिए दिशा-निर्देशों पर गहन चर्चा हुई। इसमें बौद्ध भिक्खुओं के लिए 227 विनय नियम, बौद्ध भिक्खुनियों के लिए 311 नियम और भिक्खु पातिमोक्ख के बारे में बताया गया। इसके साथ ही संतों पर थेरवाद की छाया में संत कबीर, गुरु नानक, ज्योतिराव फुले, संत रविदास, संत गाडगे, स्वामी अछूतानंद और डॉ. आंबेडकर जैसे महापुरुषों पर बौद्ध धम्म की छाप पर विचार-विमर्श किया गया।

### भूमि अधिग्रहण पर किसानों को मिलेगा 4 गुना मुआवजा, उज्जैन में किसान मोर्चा ने बांटी मिठाई

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय का उज्जैन में उत्साह के साथ स्वागत किया गया है। राज्य सरकार ने तय किया है कि किसी भी सरकारी योजना में किसानों की भूमि अधिग्रहित होने पर उन्हें बाजार मूल्य का चार गुना तक मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

इस योजना से सीधे तौर पर उन किसानों को लाभ मिलेगा जिनकी जमीनें विकास कार्यों के लिए ली जाती हैं। इस फैसले से जहां किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, वहीं सरकारी योजनाओं के कार्य भी बिना भूमि विवाद के समय सीमा में पूर्ण हो सकेंगे।

मुख्यमंत्री के इस किसान हितैषी निर्णय पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह चावड़ा, उज्जैन नगर जिला अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा एवं समस्त किसान मोर्चा परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया है।

इस जनहितकारी निर्णय के स्वागत में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में किसान मोर्चा नगर जिला उज्जैन द्वारा किसानों को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन यादव, पप्पू सिंह किर, अशोक ठाकुर, संजय शर्मा, बद्री लाल हेरा, राजा चौहान, जितेंद्र वाडिया, दिनेश कुंभकार और कन्हैया लाल वर्मा आदि उपस्थित थे।

# माहेश्वरी महिला संगठन का पद ग्रहण समारोह आयोजित

### बाल संस्कार व महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर, किया कार्यकर्ता सम्मान, पूरे जिले से शामिल हुई माहेश्वरी समाज की मातृशक्ति

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

उज्जैन जिला माहेश्वरी महिला संगठन का कार्यकर्ता सम्मान एवं पद ग्रहण समारोह 22 अप्रैल को मौनी बाबा आश्रम गंगा घाट पर संपन्न हुआ। यह गरिमामय आयोजन श्री माहेश्वरी मेवाड़ा थोक पंचायत महिला मंडल एवं श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर माहेश्वरी मारवाड़ी महिला मंडल के संयुक्त आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात परी राठी ने महेश वंदना और समता लखोटिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। स्थानीय अध्यक्ष उषा भट्टड़ एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष सीमा मालपानी ने स्वागत उद्बोधन दिया। समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मध्यांचल नम्रता बियानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। पश्चिमी मध्य प्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष उषा सोडानी ने शपथ अधिकारी के रूप में और नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष शोभा माहेश्वरी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

इनके अतिरिक्त निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीणा सोमानी, नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव साधना बियानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष किरण लखोटिया, उज्जैन जिला सभा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, श्री माहेश्वरी सभा उज्जैन अध्यक्ष कैलाश राठी, सचिव वीरेंद्र गट्टानी और निवर्तमान जिलाध्यक्ष राधा असावा की भी विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली और शुल्क निर्धारण जैसे विषयों पर प्रकाश डालते हुए सदस्यों की शंकाओं का समाधान किया।

शपथ अधिकारी उषा सोडानी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनीषा राठी एवं उनकी टीम को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने नई टीम को दायित्व समझाते हुए त्याग, सेवा और समर्पण की भावना के साथ कर्तव्य निर्वहन का आग्रह किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष मनीषा राठी ने अपने प्रथम उद्बोधन में सभी के सहयोग की अपेक्षा जताते हुए बाल संस्कार एवं महिला सशक्तिकरण के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही।

इस अवसर पर निवर्तमान और नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्षों का सम्मान किया गया। साथ ही अभिप्रेरणा 2024 मध्यांचल अधिवेशन के अतिथियों और स्वागत समिति को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नागदा, तराना, महिदपुर, बड़नगर और खाचरोद से माहेश्वरी समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। विशेष रूप से अनीता राठी नागदा, संतोष सोडानी, गीता तोतला, शांता मंडोवरा, संगीता भूतड़ा, अध्यक्ष संध्या हेड़ा, पुष्पा कोठारी और पुष्पा भलिका सहित जिले की लगभग 75 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन आरती सोडानी एवं किरण अटल ने किया। अंत में नवनिर्वाचित सचिव किरण डोडिया एवं वंदना जेथलिया ने आभार माना।

## खबर एक नजर...

### उज्जैन में सीजन का सबसे गर्म दिन,पारा 41.5 डिग्री पर

**उज्जैन।** उज्जैन में शुक्रवार का दिन सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, शहर का अधिकतम तापमान 41,5 डिग्री पर पहुच गया है। पिछले एक हफ्ते से जिले में तापमान लगातार 40 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था । मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की आशंका जताई है। भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है और जिला चिकित्सालय सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं।गाइडलाइन के अनुसार उज्जैन जिला चिकित्सालय में हीट रिलेटेड बीमारियों से निपटने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अस्पताल में अलग वार्ड, जरूरी दवाइयां और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोजाना हीट से संबंधित बीमारियों की रिपोर्ट तैयार कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भेजी जा रही है, ताकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

### अपराधिक गतिविधियों में लिप्त राका जिला बदर

शाजापुर। अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थाना अवंतिपुर बड़ोदिया निवासी खड़ी डोडिया 38 वर्षीय सुरेश उर्फ राका पिता नारायणसिंह को जिला दण्डाधिकारी ऋजु बाफना ने एक वर्ष के लिए जिला बदर करते हुए शाजापुर एवं सीमावर्ती जिले देवास, उज्जैन, आगर मालवा, राजगढ़ तथा सीहोर की राजस्व सीमा से बाहर जाने के आदेश दिए हैं। जिला दण्डाधिकारी बाफना ने निष्कासन आदेश जारी करते हुए आदेशित किया है कि वह प्रतिबंधित अवधि में बिना पूर्व अनुमति के उक्त क्षेत्रों में प्रवेश न करें।

# स्थानीय स्टार्टअप्स में युवाओं ने दिखाया उत्साह, 150 से अधिक ने कराया था पंजीयन

### इंटर्नशिप ड्राइव 2.0 में 55 छात्रों का चयन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



प्रधानमंत्री के 'स्टार्टअप इंडिया' मिशन और मुख्यमंत्री के स्थानीय रोजगार सृजन के विजन को गति देते हुए सिंहस्थ मेला कार्यालय स्थित उज्जैन स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन सेंटर में इंटर्नशिप ड्राइव 2.0 का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर की युवा प्रतिभाओं को स्वावलंबी बनाना और उज्जैन को नवाचार के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

इस ड्राइव में बड़ी संख्या में छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और उज्जैन के 15 से अधिक उभरते हुए स्टार्टअप्स ने योग्य उम्मीदवारों की खोज की। इंटर्नशिप ड्राइव में 150 से अधिक छात्रों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 55 छात्रों का इंटर्नशिप के लिए चयन किया गया। वहीं कुछ प्रतिभावान छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पूर्णकालिक अवसरों के लिए भी विचार किया गया है।

इन क्षेत्रों में दिखाए हुनर, मौके पर ही हुए इंटरव्यू

आयोजन के दौरान छात्रों ने तकनीकी, डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग, डिजाइन, बिजनेस डेवलपमेंट और ऑपरेशंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में गहरी रुचि दिखाई। कई स्टार्टअप्स ने उम्मीदवारों के कौशल को देखते हुए मौके पर ही उनके इंटरव्यू लिए। चयन प्रक्रिया में शॉनटन वेंचर, युओम.इन, एसआरजेएस हेल्थकेयर, सेवा सत्कार और पिनाका टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख स्टार्टअप्स ने सक्रिय भूमिका निभाई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ नोडल अधिकारी तोशिबा दशोरा के संबोधन से हुआ। उन्होंने चयन प्रक्रिया और इनक्यूबेशन सेंटर की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस ड्राइव की खास बात यह रही कि इसमें पूर्व-पंजीकृत उम्मीदवारों के साथ-साथ सीधे आने वाले (वॉक-इन) छात्रों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला।

### सचिन कासलीवाल राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार के मीडिया संयोजक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत

#### आचार्य श्री की दीक्षा जयंती पर मिली अहम जिम्मेदारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से गठित राष्ट्रीय संगठन 'राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार' में उज्जैन के जाने-माने पत्रकार सचिन कासलीवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें संगठन का राष्ट्रीय मीडिया संयोजक एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। आचार्य श्री की दीक्षा जयंती के अवसर पर हुए इस मनोनयन के बाद देशभर से उन्हें बधाइयां मिलने का तांता लगा हुआ है।

सचिन कासलीवाल के मनोनीत होने पर मदन भाई हुमड़ जैन भरूच, अजीत भाई जैन मुंबई, चेतन जैन बापू गांव राजस्थान, लोकेंद्र जैन, यतीश जैन राजस्थान, महिपाल जैन इंदौर, जनेश झंझरी, अशोक जैन चायवाला उज्जैन, दिनेश जैन सुपर फार्मा, संजय जैन जबलपुर, नरेंद्र जैन रायपुर, विनायक जैन कोलकाता और संजय जैन बड़जात्या सहित सैकड़ों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि गुरु आस्था परिवार से देशभर में लाखों लोग जुड़े हुए हैं। गुरुदेव के दीक्षा जयंती महोत्सव के पावन अवसर पर संगठन में नए लोगों को जोड़ने के लिए निशुल्क सदस्यता अभियान को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

# नागर ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह 26 को, परिणय सूत्र में बंधेंगे 9 जोड़े

### मंगल कलश गार्डन में वैदिक रीति से होंगे संस्कार, निकलेगा चल समारोह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद शाखा उज्जैन के तत्वावधान में रविवार 26 अप्रैल को नागर ब्राह्मण समाज का भव्य सामूहिक परिणयोत्सव आयोजित किया जाएगा। खाक चौक स्थित मंगल कलश गार्डन में होने वाले इस समारोह में समाज के 9 जोड़े वैदिक विधि-विधान से परिणय सूत्र में बंधेंगे।

परिषद के अध्यक्ष विजय शर्मा एवं महासचिव संजय जोशी ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 2 बजे गणपति पूजन, मंडप स्थापना एवं गृह शांति के साथ प्रारंभ होगा। शाम 5 बजे चल समारोह निकाला जाएगा। गोधूलि बेला में मुख्य आचार्य पं. कैलाशचंद्र शुक्ल के सानिध्य में विवाह संस्कार संपन्न होंगे। शाम 7:30 बजे से स्नेहभोज रखा गया है, जिसके बाद रात 10 बजे विदाई के साथ आयोजन का समापन होगा। नवदंपतियों को गृहस्थ जीवन की सुखद शुरुआत के लिए आवश्यक सामग्री और उपहार भी प्रदान किए जाएंगे।

समारोह में शुभम नागर-पूर्णिमा नागर, अतुल नागर-तनिषा नागर, हर्ष नागर-श्वेता नागर, ऋषि नागर-बुलबुल नागर, मयंक शर्मा-सोना नागर, गौतम नागर-मोना नागर, श्याम सुंदर नागर-आहुति नागर, अपूर्व शर्मा-मेघा मेहता एवं कृष्णकांत शर्मा-आशी व्यास विवाह बंधन में बंधेंगे।

यह आयोजन पं. कमल किशोर नागर एवं पं. विजय शंकर मेहता के आशीर्वाद तथा श्री हाटकेश्वर धाम न्यास के विशेष सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इसमें नागर ब्राह्मण महिला परिषद, नागर ब्राह्मण युवक परिषद, हाटकेश्वर देवालय न्यास उदुर्पुरा, श्री नागर ब्राह्मण हाटकेश्वर मंदिर न्यास हरसिद्धि पाल एवं हाटकेश्वर धाम मित्र मंडल की सक्रिय भागीदारी रहेगी। पदाधिकारियों ने समाजजनों से समारोह में उपस्थित होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है।

# आयुर्वेद का चमत्कारः पांच दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक समापन



### बिना बताए रोग पहचानने वाले नाड़ी वैद्य के सटीक उपचार से असाध्य रोगों से मिली मुक्ति, मरीजों ने साझा किए अनुभव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

क्षीर सागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल के पांच दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। यह शिविर 20 से 24 अप्रैल तक सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया गया। वैद्य जायसवाल ने नाड़ी परीक्षण कर मरीजों के बिना बताए ही उनके रोगों की सटीक पहचान की और विशुद्ध जड़ी-बूटियों के माध्यम से उपचार प्रदान किया। शिविर में मिर्गी, माइग्रेन, दमा, बवासीर, कैंसर, लकवा, गठिया, गुप्त रोग, पीलिया, हृदय रोग और हाथी पांव जैसी कई गंभीर बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

इस शिविर में उपचार कराने वाले मरीजों को कई चमत्कारिक परिणाम देखने को मिले। उज्जैन के निजातपुरा निवासी 73 वर्षीय विमल कुमार अग्रवाल, जो डेढ़ साल पहले पहली मंजिल से गिरने के कारण मानसिक संतुलन खो बैठे थे और चिड़चिड़े होकर जोर-जोर से चिल्लाने लगे थे; उनके बेटे रवि अग्रवाल ने बताया कि वैद्य जी की दवाओं से मात्र 15 दिन में उनके पिता का चिल्लाना बंद हो गया, वे शांत हो गए और उन्होंने खुद मांगकर खाना भी शुरू कर दिया। इसी तरह, भोपाल के कटारा हिल्स निवासी नेतराम धाकड़ की आंख में नाखूना की गंभीर समस्या थी, जिसके लिए डॉक्टरों ने बिना गारंटी ऑपरेशन की सलाह दी थी, लेकिन वैद्य जी द्वारा दी गई एक निःशुल्क जड़ी से उनकी समस्या 90 प्रतिशत तक ठीक हो गई। उधर ग्वालियर के पिंटू पार्क निवासी 13 वर्षीय बालक राजन राणा, जिसका कोलेस्ट्रॉल 624 तक पहुंच गया था और अत्यधिक सूजन के कारण उसे आईसीयू में भर्ती करना पड़ा था, वह भी वैद्य जी के आयुर्वेद उपचार से मात्र एक हफ्ते में पूर्णतः स्वस्थ हो गया। इसके अलावा, उज्जैन के पान दरीबा निवासी 80 वर्षीय कन्हैयालाल धाकड़ को भी लंबे समय से चली आ रही गंभीर कब्ज, पेशाब रुकने और शरीर में खुजली की समस्या से वैद्य जी की दवाओं द्वारा मात्र दो दिन में पूर्ण समाधान मिल गया।

# पूर्व मॉडल और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा रिछारिया संन्यास ग्रहण कर चुकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संन्यास ग्रहण कर स्वामी हषानंद गिरि बनीं पूर्व मॉडल पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। संन्यास ग्रहण कर स्वामी हषानंद गिरि बनीं पूर्व मॉडल पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।

प्रयागराज महाकुंभ के दौरान सुर्खियों में आईं पूर्व मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हर्षा रिछारिया संन्यास ग्रहण कर चुकी हैं। 19 अप्रैल को उज्जैन स्थित मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज से उन्होंने दीक्षा ली। संन्यास के बाद उन्हें स्वामी हषानंद गिरि नाम दिया गया है। हर्षा के संन्यास पर मध्य प्रदेश संत समिति के अध्यक्ष महाराज अनिलानंद ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह संन्यास सनातन धर्म की मर्यादा के विपरीत है। उन्होंने यह भी मांग की है कि हर्षा को दीक्षा देने वाले सुमनानंद गिरि महाराज की जांच की जाए।

वहीं, संन्यास परंपरा का पूजन कराने वाले आचार्य तन्मय वेदका दातार ने कहा कि हर्षा के संन्यास की प्रक्रिया में पारंपरिक नियमों का पालन नहीं हुआ। इन आरोपों पर हर्षा ने वीडियो जारी कर जवाब दिया। उन्होंने कहा- अगर राम ने मेरी किस्मत में संन्यास लिखा है, तो उसे कोई नहीं रोक सकता। मामले में लगातार आ रहे बयानों के मद्देनजर, दैनिक भास्कर ने सुमनानंद गिरि और आचार्य तन्मय वेदका दातार से बातचीत की। पढ़िए, रिपोर्ट हर्षा रिछारिया ने सुमनानंद गिरि महाराज से दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण किया है।

हर्षा रिछारिया ने सुमनानंद गिरि महाराज से दीक्षा लेकर संन्यास ग्रहण किया है। आचार्य दातार बोले- मुंडन नहीं कराया, मेकअप में नजर आ रहीं आचार्य तन्मय वेदका दातार ने कहा- हर्षा का संन्यास जल्दबाजी में कराया गया। इसमें कई पारंपरिक नियमों का पालन नहीं हुआ आचार्य के अनुसार, संन्यास लेने से पहले १७ प्रकार के पिंडदान किए जाते हैं। इनमें माता-पिता के साथ स्वयं का भी पिंडदान शामिल होता है। इस प्रक्रिया में मुंडन कराना अनिवार्य होता है, लेकिन हर्षा का संन्यास बिना बाल कटवाए ही करा दिया गया।

संन्यास लेने के बाद भी हर्षा आम युवतियों की तरह मेकअप और आभूषणों के साथ नजर आ रही हैं, जबकि संन्यास परंपरा में इसका उपयोग वर्जित माना जाता है। वह अभी भी पारंपरिक साध्वी स्वरूप या संन्यासी वेशभूषा में नजर नहीं आई हैं।

सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा कि हर्षा ने बाल इसलिए नहीं कटवाए, क्योंकि वह पहले ही एक बार मुंडन करवा चुकी थीं। सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा कि हर्षा ने बाल इसलिए नहीं कटवाए, क्योंकि वह पहले ही एक बार मुंडन करवा चुकी थीं।

वहीं, हर्षा को दीक्षा देने वाले सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा- संन्यास के दौरान हर्षा ने बाल इसलिए नहीं कटवाए, क्योंकि वह पहले ही एक बार मुंडन करवा चुकी थीं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज कुंभ में निरंजनी अखाड़े की पेशवाई के दौरान हर्षा शाही रथ पर सवार हुई थीं, तब किसी ने आपत्ति नहीं जताई। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा दी गई दीक्षा के बाद हर्षा, हषानंद गिरि के रूप में पूरी तरह संन्यासी बन चुकी हैं।

सुमनानंद गिरि ने कहा कि दीक्षा देने से पहले मैंने हर्षा से बार-बार नियमों के पालन को लेकर पूछा।

## खबर एक नजर...

### अनियंत्रित कार पलटने से एक की मौत

**नीमच ।** जिले के पालसोड़ा, अडमालिया मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर खेत मे घुस कर पलटने से उसमें सवार तीन युवको मे से एक की दुखद मौत हो गई। वही अन्य दो घायल हो गए। मिली जानकारी अनुसार पालसोड़ा मार्ग पर शादी समारोह मे जा रहे तीन युवकों विशाल पिता विनोद सेन 20,वर्ष निवासी बिसलवास सोनगरा, लोकेश 22 वर्ष पिता नंदकिशोर व मनीष पिता पुष्करज 18 वर्ष सहित शादी समारोह में भोजन व्यवस्था के लिए जा रहे तीन युवक, मे से एक लोकेश की दुखद मौत हो गई। अन्य दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी हैं द्य अनियंत्रित गति से जा रही कार हादसे के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया।

### वाइब्रेंट क्लब की अंतिम बक्षी अध्यक्ष, सचिव पिंकी गोयल मनोनीत

**मन्दसौर।** वाइब्रेंट क्लब मंदसौर की संस्थापक अध्यक्ष सीए प्रजवी जैन ने बताया वाइब्रेंट क्लब की सत्र 2026-27 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु बोर्ड मीटिंग आयोजित की गई जिसमें क्लब के आगामी वर्ष हेतु अध्यक्ष अंतिम बक्षी, सचिव पिंकी गोयल, उपाध्यक्ष सपना गोयल और दीपा जैन, कोषाध्यक्ष ममता चोपड़ा, सह सचिव स्वीटी चौधरी, प्रवक्ता रुचि गर्ग को मनोनीत किया। नवीन अध्यक्ष सहित नवीन कार्यकारिणी को क्लब के संस्थापक अध्यक्ष प्रजवि जैन, कल्पना ओसवाल, सुनीता कुदार, सोनल बाबेल और क्लब के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# जिला चिकित्सालय में 100 बेड के नवीन वार्ड और एमसीएच भवन का शुभारंभ

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा और लोनिवि मंत्री राकेश सिंह ने दी 29 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

शुक्रवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में कुल 29 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन संपन्न किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर 7 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित 100 बिस्तरीय नवीन वार्ड तथा 17 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से तैयार अत्याधुनिक 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) भवन का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। साथ ही, क्षेत्र के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से 4 करोड़ 73 लाख रुपए की लागत वाले चांदाखेड़ी फंटा से खजुरिया मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।

इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और मेडिकल कॉलेजों की बढ़ती संख्या से प्रदेश में डॉक्टरों की कमी को स्थायी रूप से दूर किया जा सकेगा। कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह नई सुविधाएं विशेष रूप से माताओं और बहनों की सेवा के लिए समर्पित रहेंगी। लोकसभा सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि मंदसौर मेडिकल कॉलेज में अब न्यूरोलॉजी जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी उपचार मिल सकेगा, जिससे स्थानीय मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने लोक निर्माण विभाग की गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली की सराहना की और नयापुरा मार्ग को आदर्श सड़क के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष दुगा पाटीदार, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायकद्वय यशपाल सिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर आदि उपस्थित रहे।



### इंदिरा गांधी का नाम हटाने पर काले कपड़े लेकर सड़क पर बैठे कांग्रेसी

शहर के इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय में आयोजित लोकार्पण समारोह के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन मुख्य वजह निमंत्रण पत्र रही, जिसमें 'इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय' के स्थान पर केवल 'जिला चिकित्सालय' लिखा गया था। इस नाम विलोपन से नाराज विधायक विपिन जैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के पिछले गेट पर सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में काले कपड़े लेकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। विधायक श्री जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक तरफ महिला सशक्तिकरण की बात करती है और दूसरी तरफ भारत रत्न व देश की पहली महिला प्रधानमंत्री का नाम हटाने जैसी घिनौनी हरकत कर रही है। जिलाध्यक्ष श्री गुर्जर ने बताया कि इस त्रुटि के संबंध में उन्होंने रात में ही जिला कलेक्टर को अवगत करा दिया था, जिस पर प्रशासन ने इसे 'मानवीय भूल' मानते हुए सुबह 11 बजे तक सुधार का आश्वासन दिया था, लेकिन सुधार न होने पर कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरना पड़ा। हालांकि, प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष अपने कार्यकर्ताओं को गांधीवादी तरीके से विरोध करने की समझाइश देते भी नजर आए, जिसके बाद काले कपड़े हटा लिए गए। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी मौके पर मोर्चा संभाले रखा।

### कायस्थ समाज ने किया श्री चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्योत्सव महाआयोजन

**नीमच।** सृष्टि के समस्त प्राणियों का लेखा जोखा रखने वाले प्रभु श्री चित्रगुप्त भगवान का प्राकट्योत्सव का आयोजन कायस्थ समाज नीमच ने किया यह जानकारी देते हुए कायस्थ समाज नीमच के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सक्सेना, कायस्थ समाज महिला मंडल अध्यक्ष कृष्णा निगम एवं कोषाध्यक्ष योगेश श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज परिवार सम्मिलत हुए। कार्यक्रम संयोजक संजय भटनागर एवं उपाध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में श्री चित्रगुप्त जी की कथा प्रकाश गौड़ के मुखारविंद से हुई। भजनों का आयोजन भी किया गया जिसे उपस्थित समाजजन ने भक्ति रस का आनंद लिया। कथा के पश्चात महाआरती का आयोजन के साथ ही प्रसाद वितरण और अल्पाहार भी हुआ। इस अवसर कायस्थ समाज संरक्षक ब्रजेश सक्सेना, एडवोकेट अजय भटनागर, पूर्व अध्यक्ष राजेश जौहरी, पूर्व अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष मुकेश जौहरी, सहसचिव आलोक श्रीवास्तव, पूर्व कोषाध्यक्ष बसंत गौड़, दिलीप निगम, सांस्कृतिक सचिव दीपक राय गौड़, बाबूलाल गौड़, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार कायस्थ समाज नीमच सचिव नितिन सक्सेना ने माना। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी पंकज श्रीवास्तव ने दी।

### सिंगोली पुलिस ने बाइक पर लदे कट्टे मे 120 किलो अवैध डोडाचूरा जब्त

**नीमच।** जिले के सिंगोली थाना पुलिस की नाकेबंदी को देख तस्कर ने अपनी बाइक और उस पर लदा अवैध डोडाचूरा बीच सड़क पर ही छोड़ दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में भाग निकला। पुलिस ने काफी पीछा किया, लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना 24 अप्रैल की है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत सिंगोली पुलिस टीम रूघनाथपुरा फंटे पर संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान नीमच की ओर से एक युवक हीरो स्प्लेंडर बाइक पर भारी कट्टे लादकर आता दिखाई दिया।पुलिस की घेराबंदी को देखकर तस्कर की 'शातिर' नजरें सचेत हो गईं। सूत्रों के अनुसार, पुलिस टीम से करीब 100 फीट पहले ही उसने नाकेबंदी भांप ली और घबराकर बाइक बीच सड़क पर ही पटकी और जान बचाकर अंधेरे में भाग निकला।

# शहर के प्रमुख बाजार में नगर निगम की सख्त कार्रवाई, अमले ने हटाया अतिक्रमण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों माणक चौक, न्यू क्लॉथ मार्केट और गणेश देवरी में शुक्रवार को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई की गई। सुबह से ही निगम का अमला बाजार क्षेत्र में पहुंचा और व्यवस्थित तरीके से अभियान चलाया।

कार्रवाई के दौरान टीम ने सबसे पहले अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया। दुकानों के बाहर रखे सामान, और अन्य अवैध कब्जों को हटाकर जब्त किया गया। इसके साथ ही कई स्थानों पर नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी ओटलों पर भी कार्रवाई की गई और हथौड़ों से उन्हें तोड़ा गया। लोहे के खोखले ढांचे भी निगम द्वारा जब्त किए गए।

निगम अमले ने व्यापारियों को सख्त चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण न करें, अन्यथा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, कुछ स्थानों पर कार्रवाई के दौरान निगम कर्मचारियों और दुकानदारों के बीच हल्की बहस भी देखने को मिली, लेकिन अभियान लगातार जारी रहा।

गौरतलब है कि इससे दो दिन पूर्व भी बाजार क्षेत्र में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इसके बावजूद दोबारा अतिक्रमण सामने आने पर निगम ने सख्ती बढ़ा दी है।

इधर, आम जनता ने इस कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि बाजारों में बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह नियमित रूप से अभियान चलता रहा, तो शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और बाजार अधिक व्यवस्थित बन सकेंगे।



### जिला कांग्रेस कार्यकारिणी के बनते ही महामंत्री ने असंतुष्ट होकर दिया इस्तीफा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

लंबे इंतजार के पश्चात जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा शुक्रवार को जिला अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने की जिला अध्यक्ष ने अपनी जिला कार्यकारिणी में जिले के हरेक नेता एवं उनके समर्थकों को शामिल कर खुश करने का प्रयास किया। लेकिन पदाधिकारीयो की घोषणा के कुछ ही घंटो पश्चात जिला महामंत्री १५ बनाए गए उनमें से एक जिला महामंत्री वरुणश्रोत्रिय ने अपने पद से इस्तीफा जिला अध्यक्ष गहलोत को भेजा। जिला कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी के गठन को लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सांवेर विधानसभा प्रभारी वरुणश्रोत्रिय (एडवोकेट )को जिला अध्यक्ष गहलोत ने अपनी टीम में 15 महामंत्रियों में एक क्षोत्रिय को भी मनोनीत किया। क्षोत्रिय को महामंत्री मनोनीत किए जाने से पूर्व उनकी स्वीकृति भी नहीं ली गई ऐसा श्रोत्रिय ने पूछने पर बताया जबकि श्रोत्रिय विगत 16वर्षो से जिला कांग्रेस ग्रामीण के उपाध्यक्ष रहे ऐसे में श्रोत्रिय को महामंत्री बनाए जाना रास नहीं आया जैसे ही जिला कार्यकारिणी की सूची जारी हुई और उन्होंने तुरंत महामंत्री पद से अपना इस्तीफा जिला अध्यक्ष को भेज दिया ।

# पिपलोदा क्षेत्र में टीम की तत्परता एक ही दिन में रोके गए तीन बाल विवाह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

पिपलोदा परियोजना अंतर्गत तहसील पिपलोदा के वार्ड क्रमांक 8 करियामर एवं कालूखेडा लसूडिया में बाल विवाह संबंधी शिकायत चाइल्ड लाइन के माध्यम से प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रामनिवास बुधोलिया के निर्देशन में सहायक संचालक एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती भारती डांगी के द्वारा दल का गठन किया गया एवं पुलिस विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया गया।

जांच के दौरान पिपलोदा तहसील के वार्ड क्रमांक 9 करियामर में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की जहा पर 1 बालक और 11 बालिका के बाल विवाह की सूचना मिली। जहां बालिका के विवाह की तैयारी चल रही थी। जिसमें स्कॉलर रजिस्टर के आधार पर बालिका की उम्र 16 वर्ष पाई गई। समझाइश देने पर परिजनों ने आश्वासन दिया कि बालिका का विवाह १८ वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। इसी क्षेत्र में एक बालक के विवाह की सूचना भी मिली। जांच में बालक की उम्र 16 वर्ष 10 माह पाई गई। टीम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि बालक की वैधानिक विवाह आयु 21 वर्ष है। परिजनों से लिखित आश्वासन लिया गया कि वे निर्धारित आयु के बाद ही विवाह करेंगे।इसके पश्चात टीम द्वारा कालूखेड़ा लसूडिया में पहुंची, जहां बालिका के विवाह की तैयारी की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचे दल को बालिका के पिता ने बताया कि विवाह फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

### सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और वीडियो क्रिएशन पर कार्यशाला संपन्न

**मन्दसौर।** पीएमसीओई राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर संकाय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में सॉफ्टवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. जे.एस. दुबे के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर निर्माण की आधुनिक औद्योगिक पद्धतियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत में कंप्यूटर संकाय के समन्वयक डॉ. आर.सी. डाड ने स्वागत उद्बोधन दिया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सॉफ्टवेयर कंपनी के डायरेक्टर कुलदीप सिंह पंवार ने सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग पर विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन गौरव सोनी ने किया तथा आभार नरेंद्र बंधवार ने माना। कार्यशाला में कंप्यूटर संकाय की फैकल्टी सी.पी. आडवाणी, मनीष तिवारी, मनीष सोनी, रविन्द्र रामावत, श्रीमती उष्मीता सोनी, भीम सिंह चौहान, सय्यद अशफाक हुसैन आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा का विकास चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**मल्हारगढ़।** क्षेत्र में विकास को लेकर पानी पी पी कर बार बार कोसने वाले क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा जी आपने विकास कार्यो एवं सड़को का जाल नही आपने क्षेत्र में भ्रष्टचार का जाल बिछाया है।उक्त आरोप क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया ने लगाते हुवे बताया कि देवड़ा जी हरसोल में पानी की टँकी पहले ही टेस्टिंग में झरने की तरह बहने लगी ग्रामवासियों एवं कांग्रेसनेताओ द्वारा घटिया निर्माण का मामला उठाने के बाद अब टँकी पर लीपा पोती का काम चल रहा है। है,मल्हारगढ़ अस्पताल के घटिया निर्माण का मामला भी सुर्खियों में रहा है और अस्पताल जैसी बिल्डिंग में गुणवत्ता विहीन निर्माण करने वाले ठेकेदार का आप सार्वजनिक मंच से सम्मान कर रहे हो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।आप बार बार सड़को की बात करते हो लेकिन आपकी ही पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने सोशल

## खबर एक नज़र...

### ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा भिकनगांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा तहसील भिकनगांव, जिला खरगोन में 24 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक प्रशान्त खेरनार (यूरोलॉजी विभाग) एवं अकरम खान (जनरल फिजिशियन) द्वारा मरीजों को संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी गई। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देश में एवं मोहन दवाखाना के सोहन सोनी तथा शाल्वीन राव नीमजे के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### 25 अप्रैल को आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश

**सनावद।** प.पू.आचार्य श्री 108 विभव सागर जी महाराज ससंघ ( 9 पिच्छी ) का मंगल प्रवेश सनावद नगर में कल शनिवार 25 अप्रैल को प्रातः 6.30 बजे खंडवा की ओर से होगा। सन्मति जैन काका ने बताया कि सभी समाजजन मंगल आगवानी हेतु ढकलगांव फाटे पर पहुंच कर आचार्य संघ मंगल आगवानी कर धर्म प्रभावना में सहायक बनेंगे। मुनि त्यागी अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया की आचार्य श्री की शुक्रवार 24 अप्रैल की आचार्य संघ की आहार चर्या भानबरड़ में संपन्न हुई। एवं रात्रि विश्राम सूर्याश पब्लिक स्कूल बासवा में होगा।सभी समाजजन विहार एवं आहार में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शनिवार 25 अप्रैल को आचार्य श्री की अगवानी सभी समाजजन करेंगे वही आचार्य संघ नगर के जिन मंदिरों के दर्शन कर बड़े मंदिर के समीप संत भवन में अपनी दिव्य देशना का रस पान करवाएंगे एवं आहार चर्या सनावद नगर में संपन्न होगी।

### विधायक ने घर-घर कचरा संग्रहण व कचरा पृथक्करण पर दिया जोर

**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने आज बुरहानपुर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यशाला के प्रथम सत्र में जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों के साथ सहभागिता की। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत करने, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण को प्रभावी रूप से लागू करने, सार्वजनिक स्थलों एवं बाजार क्षेत्रों में नियमित सफाई सुनिश्चित करने तथा कचरा निस्तारण की वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया, ताकि स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाया जा सके। अर्चना चिटनिस ने कहा कि हम सभी मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर बेहतर बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ,उपचार के दौरान हुई मौत

**नीमच।** केंट थाना क्षेत्र के ग्राम कनावटी में अज्ञात कारणों से एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया गया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई ।मिली जानकारी के अनुसार इमरान 45 वर्ष,पिता बशीर भिश्ती ने घर पर ही सल्फास की गोली का सेवन कर लिया द्य जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। जिसपर परिजन उसे गंभीर हालत में देर रात करीब 12 बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए उसे उदयपुर रेफर कर दिया। उदयपुर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान इमरान की मृत्यु हो गई।घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए नीमच जिला अस्पताल लाया गया है।

# पुलिस ने 2 हथियार तस्कर पकड़े, 5 पिस्टल जब्त, स्कूटी की डिक्की से 1.85 लाख के हथियार बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

सनावद पुलिस ने अवैध हथियारों के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने इंदौर-इच्छापर हाईवे पर नाकाबंदी कर दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पांच अवैध देसी पिस्टल और तस्करी में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी बरामद की गई है। जब्त किए गए हथियारों की कुल कीमत लगभग 1.85 लाख रुपए आंकी गई है।

बुधवार को थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ढकलगांव रोड पर निमार्णाधीन हाईवे ब्रिज के नीचे वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए और भागने का प्रयास करने लगे।

संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उन्हे पकड लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान आकाश निवासी अंबेगांव खुर्द, पुणे (महाराष्ट्र) और नयन निवासी शाहपुर, जिला बुरहानपुर के रूप में बताई। जब उनकी स्कूटी की डिक्की की तलाशी ली गई. तो उसमें पांच अवैध देसी पिस्टल छिपी मिलीं। हथियारों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने दोनों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया सिगनूर के



सिकलीगर से खरीदे थे, हथियार पुलिस की प्राथमिक पुछताछ में तस्करों ने खुलासा किया है कि उन्होंन ये हथियार सिगनू के एक सिकलीगर से खरीदे थे। पुलिस अब उस सिकलीगर को भी मामले में आरोपी बनाकर उसकी तलाश कर रही है आरोपियों के खिलाफ आर्मूस एक्ट की धारा 25 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एसपी रविंद्र वर्मा और एएसपी शकुंतला रुहल के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में एसडीओपी बडवाह अर्चना रावत, थाना प्रभारी धर्मेद्र यादव, उनि सुरेंद्र पवार, प्र.आर. रविंद्र गंभीर मीणा, राजेंद्र चौहान, आर. सरदार, श्रीकृष्णा, राजेश, कैलाश, सुनील, कुंदन पाटीदार, योगेश और साइबर सेल के आर. अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा।र स्वस्थ अलीराजपुर के निर्माण में अपना योगदान दें।

## बिल्लोरा खुर्द में नर्मदा तट पर विशाल स्नान घाट निर्माण की मांग

**सनावद।** आगामी उज्जैन सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश की डॉ.मोहन यादव की सरकार द्वारा ओंकारेश्वर,सनावद और बड़वाह के समीप नर्मदा तटों पर नवीन स्नान घाटों का निर्माण किया जा रहा है। ताकि सिंहस्थ के दौरान पुण्यसलिला नर्मदा में डुबकी लगाने के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। उल्लेखनीय है कि तीर्थनगरी ओंकारेश्वर से लगभग १५ किमी दूर स्थित नावघाटखेड़ी और मोरटक्का में नर्मदा तटों पर नवीन घाटों का निर्माण कार्य जारी है। इस तारतम्य में विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर नर्मदा तट स्थित ग्राम बिल्लोरा खुर्द में भी विशाल स्नान घाट के निर्माण की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि ग्राम बिल्लोरा खुर्द तीर्थनगरी ओंकारेश्वर से मात्र 7 किमी दूर नर्मदा तट पर स्थित है और निमाड़ क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक केंद्र है।

## 26 अप्रैल को 'गुड मॉर्निंग अलीराजपुर' अभियान का आगाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीराजपुर

बदलती जीवनशैली और बढ़ती डिजिटल निर्भरता के बीच युवाओं को मोबाइल की लत से दूर कर फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए शहर में एक अनूठी पहल होने जा रही है। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट, अलीराजपुर के तत्वावधान में आगामी 26 अप्रैल, रविवार को ₹गुड मॉर्निंग




अलीराजपुर₹ फिटनेस जागरूकता अभियान का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रातः 6.30 बजे से 7.30 बजे तक फतेह ग्राउंड के सामने स्थित जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित होगा। आयोजकों ने बताया कि इस एक घंटे के सत्र में प्रतिभागियों को जुंबा, एरोबिक्स, योग और ध्यान (मेडिटेशन) के माध्यम से स्वास्थ्य के गुर सिखाए जाएंगे। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य न केवल युवाओं को स्क्रीन से दूर करना है, बल्कि समाज के हर आयु वर्ग को एक सक्रिय और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित करना भी है। इस अभियान में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी समान रूप से सम्मिलित हो सकेंगे, जिससे पूरे शहर में फिटनेस के प्रति एक नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### कलेक्टर ने 4 लोगों को थाने पर उपस्थिति के दिये आदेश

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक बड़वानी के प्रतिवेदन के आधार पर अजय पिता सुरेश बारेला निवासी ग्राम बड़ियापनी को थाना वरला में, दिलीप पिता जगदीश उर्फ जग्गु निकुम निवासी पानसेमल को थाना पानसेमल में, अजीतसिंग पिता भीमसिंग सिकलीगर निवासी उमर्टी को थाना वरला में एवं सुभाष पिता दीपचंद जैन निवासी राजपुर को थाना राजपुर में उपस्थिति हेतु आदेशित किया है।

## रतलाम में नारी शक्ति के साथ भाजपा ने निकाली जन-आक्रोश महिला पदयात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

संसद मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू नही होने पर भारतीय जनता पार्टी रतलाम मे शुक्रवार को विशाल इज्जन-आक्रोश महिला पदयात्राइ निकाली। नारी शक्ति के सम्मान और विपक्ष की नीतियों के विरोध में निकाली गई इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नारेबाजी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन प्रकट किया। पदयात्रा का नैतृत्व सांसद अनिता चैहान ने किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया, क्रांति जोशी , पूर्व विधायक संगीता चारेल, मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा सहित असंख्य महिलायें उपस्थित रही।

सांसद श्रीमती चोहान ने समापन से पूर्व नगर निगम चोराहा पर नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि संसद मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस और अन्य दलों ने ७० करोड़ महिलाओं का अपमान किया है। भाजपा सदैव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व ने महिलाओं का सम्मान करती आई है और नारीहित की कई योजनाओं के साथ महिला आरक्षण इस का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जन आक्रोश पद यात्रा ऐसी शक्तियों के खिलाफ सशक्त जवाब है जो महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस ने कभी महिलाओं का सम्मान नही किया और देश हित के कामों का विरोध भी किया। कांग्रेस का काम ही विरोध करना रह गया है। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं की हक की लडाई मे कभी पीछे नहीं रहेगी और सदैव प्रयास जारी रखेगी। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि नारी शक्ति कभी अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

### नीमच क्षेत्र मे गर्म हवा, लू का दौर जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

अप्रैल माह में इन दिनों मौसम में गर्म हवा और लू चलने से गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है । जो आगामी दिनो इसमें और बढोतरी की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए आमजनों को स्वास्थ्य विभाग ने एडवायरी जारी कर सलाह दी गई है, कि इस मौसम में अनावश्यक दोपहर के समय घर से बाहर नही निकले। इस अप्रेल,मई एवं जून माह में तापमान की अधिकता के कारण गर्म हवाओ के रूप में लू चलती है, जिससे आमजनों को भी लू लगने की समस्या हो सकती है। सी एम एच ओ डॉ. दिनेश प्रसाद के अनुसार अत्यधिक गर्मी एवं तेज धूप के सम्पर्क में आने से शरीर में पानी एवं नमक (लवण) की कमी हो जाती है द्य जिससे लू लगने की संभावना बढ जाती है। ऐसी स्थिति में आवश्यक सावधानियां अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अनावश्यक धूप में निकलने से बचना चाहिये, यदि आवश्यक हो, तो सिर पर कपडे या गमछे का उपयोग करे।

## सूचना का अधिकार अधिनियम विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

आर.सी.व्ही.पी.नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल के सौजन्य से एवं जिलाधीश के आदेशनुसार स्थानीय ई-दक्ष केंद्र बड़वानी मे सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 विषय पर जिला स्तरीय लोक सूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं अन्य स्टाफ का दिनांक 23 एवं 24 अप्रैल को दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। अकादमी द्वारा बनाए गए जिला रिसोर्स पर्सन के रूप मे मास्टर ट्रेनर श्री श्रीकृष्ण मंडलोई एवं श्री अक्षय सोनी ई-दक्ष द्वारा प्रशिक्षण में मुख्य रूप से लोक सूचना अधिकारी को सूचना प्रदान करने के संबंध में उनकी भूमिका, बाध्यता, छूट, अपील तथा पेनल्टी आदि के बारे में बताया गया । अधिनियम लागू होने के बाद हुए सभी संशोधन एवं प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों का निराकरण एवं उपाय बताए गए अधिकारियों को अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों को सुचारू पालन करने के लिए कार्यालय में रिकॉर्ड प्रबंधन का महत्व बताए गए। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का परिचय, शासन के विभिन्न राजपत्र एवं विभिन्न न्यायालयीन निर्णय का हवाला देते हुए विभिन्न प्रश्नों का समाधान दिया जा रहा है।

### नेत्रदान से मिली नई रोशनी

**रतलाम।** मृत्यु अंत नहीं, बल्कि किसी और के जीवन की नई शुरूआत भी हो सकती है–इस संदेश को साकार करते हुए थावरिया बाजार निवासी स्व. भवरलाल शर्मा के सुपुत्र स्व. गोपाल शर्मा के निधन के बाद उनके परिजनों ने नेत्रदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई-निविदा सूचना

**निविदा संख्या: SnT_RTM_26_09_SIGNAL, दिनांक: 21.04.2026. कार्य का नाम:** इंदौर - देवास-उज्जैन खंड में लेवल क्रॉसिंग नंबर 10, 13, 34 और 36 को खत्म करने के लिए सबवे (आरयूबी ) प्रदान करना के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु 94,78,049.08. **बयाना राशि:** रु 1,89,600/-. **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 15.05.2026 समय 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 15.05.2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान:** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

AK/14

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



# सुकेश ने जैकलीन को जेल से लेटर लिखा

## कहा- प्यार और जंग में सब जायज एक्ट्रेस ने गवाह बनने की अर्जी दी थी

200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के अप्रूवर बनने के आवेदन के बीच आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से उन्हें फिर लेटर लिखा है।

21 अप्रैल को लिखे इस लेटर में सुकेश ने जैकलीन को बेबी बोम्मा और माय जैकी कहा। लेटर में उसने लिखा कि प्यार और जंग में सब जायज है और वह हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा, चाहे कुछ भी हो जाए।

सुकेश ने अपने मैसेज में यह भी कहा कि तुम मेरी हो और मैं तुम्हारा हमेशा रहूंगा। उसने जैकलीन के लिए यह भी लिखा कि वह उन्हें बहुत याद करता है और यह रिश्ता उसके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। लेटर के अंत में उसने खत्रा फॉरएवर लिखते हुए खुद को बेबी बॉय बताया।

धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में जेल में है सुकेश सुकेश चंद्रशेखर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में जेल में बंद है। सुकेश ने जेल से जैकलीन को अब तक एक दर्जन से अधिक लेटर भेजे हैं। वह लगभग हर खास मौके जैसे होली, ईस्टर, क्रिसमस, वैलेंटाइन डे, महिला दिवस और जन्मदिन पर लेटर लिखता रहा है।

हाल ही में जैकलीन ने दिल्ली की अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अप्रूवर बनने का आवेदन दिया। इस पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 मई को स्पेशल जज प्रशांत शर्मा की अदालत में होगी।

इस केस में जैकलीन से कई बार पूछताछ हो चुकी है। ईडी ने उन्हें सप्लीमेंट्री चार्जशीट में आरोपी बनाया है। केस रद्द करने की उनकी पिछली अर्जी दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो गई थी।

# फिल्म 'राका' में कम नहीं होगा दीपिका का रोल...

**मेकर्स ने रिप्लेसमेंट और रोल छोटा करने की खबरों को बताया गलत, प्रेग्नेंसी में शूटिंग करेंगी**








बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया है। इस खबर के सामने आने के बाद से ही उनकी अपकमिंग फिल्म 'राका' को लेकर तरह-तरह के दावे किए जा रहे थे। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि प्रेग्नेंसी की वजह से फिल्म में दीपिका का रोल छोटा किया जा सकता है या उन्हें रिप्लेस किया जा सकता है। अब फिल्म की टीम ने इन सभी खबरों को पूरी तरह गलत बताते हुए स्थिति साफ कर दी है।

रिप्लेसमेंट की खबरें बेबुनियाद फिल्म 'राका' की टीम ने कहा है कि दीपिका को रिप्लेस करने या उनका रोल छोटा करने की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। टीम के मुताबिक, सब कुछ तय प्लान के हिसाब से चल रहा है। दीपिका पादुकोण फिल्म 'राका' का एक बेहद अहम हिस्सा हैं और सेट पर पूरी एनर्जी के साथ शूटिंग चल रही है। मेकर्स ने साफ किया है कि फिल्म की स्क्रिप्ट में प्रेग्नेंसी की वजह से कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। प्रेग्नेंसी के दौरान करेंगी एक्शन सीन्स इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक, दीपिका अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान भी डायरेक्टर एटली की इस फिल्म की शूटिंग जारी रखेंगी। फिल्म में उनके कुछ इंटेंस एक्शन सीक्वेंस भी हैं, जिन्हें वे सावधानी के साथ पूरा करेंगी। बताया जा रहा है कि दीपिका और मेकर्स ने सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए हैं।

2027 में रिलीज होगी फिल्म फिल्म 'राका' का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर एटली कर रहे हैं और इसे सन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म में साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन लीड रोल में नजर आएंगे। हाल ही में अल्लू अर्जुन के 44वें जन्मदिन पर मेकर्स ने उनका फर्स्ट लुक रिवील किया था, जिसमें वे बिना बालों (गंजा लुक) के काफी रफ और टफ अवतार में दिखे थे। यह फिल्म साल 2027 में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। दूसरी बार पेरेंट्स बनने वाले हैं दीपिका-रणवीर दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने एक जॉइंट इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की जानकारी दी थी।



# तमन्ना भाटिया पर कमेंट करने पर अन्नू कपूर की सफाई

## कहा- मैं 71 साल का, वह मेरी बच्ची जैसी है, बॉडी पर दिया था आपत्तिजनक बयान

एक्टर अन्नू कपूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के गाने 'आज की रात' पर किए गए अपने दूधिया बदन वाले कमेंट पर सफाई दी है। भारी ट्रोलिंग के बाद अब एक्टर का कहना है कि उनके कमेंट को गलत तरीके से लिया गया और उनका इरादा सिर्फ तारीफ करना था।

सिद्धार्थ कनन को दिए एक इंटरव्यू में अन्नू कपूर ने कहा, लोगों ने मुझे गालियां दीं, खूसट बूढ़ा और सठिया गया जैसी बातें कहीं। मेरा कहना सिर्फ इतना है कि अगर मैं 'दूधिया बदन' कहता हूं तो बवाल मच जाता है, लेकिन अगर यही बात इंग्लिश में 'मिल्की बॉडी' कही जाए तो किसी को कोई परेशानी नहीं होती। उन्होंने आगे कहा कि तमन्ना उनकी बेटी की उम्र की हैं और उनके मन में उनके लिए कोई गलत भावना नहीं है। 'बुरा लगा तो पैर छूने के लिए तैयार हूं' अपनी सफाई के दौरान अन्नू ने यह भी कहा कि अगर तमन्ना भाटिया खुद उनसे इस बारे में पूछेंगी, तो वे अपनी बात पर कायम रहेंगे। उन्होंने कहा, अगर तमन्ना को मेरी बात बुरी लगी है, तो मैं उनके पैर छूने के लिए भी तैयार हूं। अगर एक 71 साल का आदमी उनके पैर छुएगा, तो वे क्या कहेंगी? मेरा इरादा बिल्कुल साफ है और मुझे अपनी सच्चाई पता है। क्या था पूरा मामला? फिल्म 'स्त्री 2' के सुपरहिट गाने 'आज की रात' में तमन्ना भाटिया के डांस और लुक की हर तरफ चर्चा हुई थी। एक पुराने पॉडकास्ट के दौरान अन्नू कपूर ने तमन्ना के लुक्स की तारीफ करते हुए 'दूधिया बदन' शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इसे 'सेक्सिस्ट' बताते हुए एक्टर को खूब ट्रोल किया था।

# शिल्पा शेट्टी ने बनारसी लस्सी पी, बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए

**मां विंध्यवासिनी को चुनरी चढ़ाई बोलीं- मैं सौभाग्यशाली हूं**





फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 2 दिन काशी में रहीं। वह बुधवार को मां सुनंदा शेट्टी के साथ पहुंची। रात 10 बजे ही बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने पहुंचीं। शिल्पा ने मास्क लगाकर मां के साथ गेट नंबर- 4 से मंदिर में एंट्री की। यहां बाबा का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद शिल्पा ने कहा- मैं सौभाग्यशाली हूं कि हर साल बाबा के दर्शन होते हैं। करीब एक घंटे तक वह मंदिर में रहीं। इसके बाद गुरुवार को मिजार्पुर गईं। जहां विंध्यवासिनी माता को चुनरी चढ़ाई। फिर वापस काशी लौट आईं। यहां एक साड़ी की दुकान पहुंचीं। वहां बनारसी साड़ी देखी। शिल्पा को 4 बनारसी साड़ी पसंद आईं। जिन्हें उन्होंने खरीद लिया। इसके बाद उन्होंने लस्सी पी।

**बोलीं- विंध्यवासिनी धाम बहुत अच्छा बन रहा-** शिल्पा शेट्?टी बुधवार शाम को अपनी मां सुनंदा शेट्?टी के साथ काशी पहुंची। बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद शयन आरती में शामिल हुईं। करीब एक घंटे तक वह मंदिर में रहीं। इसके बाद होटल चली गईं। गुरुवार सुबह वह कार से मिजापुर गईं।

यहां शिल्पा ने मां के साथ विंध्यवासिनी माता के दर्शन किए। गर्भगृह में लगभग 15 मिनट तक विशेष पूजा अर्चना की। माता को चुनरी चढ़ाई। उन्होंने निमार्णाधीन कॉरिडोर देखा। कहा कि माता का धाम काफी बढ़िया बन रहा है। यहां आकर मुझे और मेरी मां को बहुत शांति मिली।

**शिल्पा ने 4 बनारसी साड़ियां खरीदीं, लस्सी पी-** गुरुवार दोपहर शिल्पा शेट्टी अपनी मां के साथ ताज होटल आ गईं। यहां आराम किया। शाम को उन्होंने होटल में लस्सी मंगाकर पी। शिल्पा शेट्टी शाम साढ़े 5 बजे शिवपुरी स्थित सुद्धिपुर के हुनरिया केंद्र में एक कपड़े की दुकान पर पहुंची। वहां उन्होंने 4 बनारसी साड़ियां खरीदीं। कारीगरों से उनकी बुनाई की बारीकियों की जानकारी ली। शिल्पा शेट्टी ने कहा कि बनारसी साड़ियों की पहचान पूरी दुनिया में है। उन्होंने साड़ी की फोटो खींची और साड़ी के साथ सेल्फी भी ली। इसके बाद वह ताज होटल से सीधे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंची। जहां से रात 8:20 बजे फ्लाइट से मुंबई रवाना हो गईं।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के 34वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया

# कोहली आईपीएल में 800 चौके लगाने वाले पहले बैटर

## 300 छक्कों का आंकड़ा भी छू लिया

## चिन्नास्वामी में बेंगलुरु की 50वीं जीत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के 34वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। इस जीत के हीरो रहे विराट कोहली, जिन्होंने 81 रन की शानदार पारी खेलते हुए इतिहास रच दिया। कोहली आईपीएल में 800 चौके लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने, साथ ही उन्होंने 300 छक्कों का आंकड़ा भी छू लिया। वे लीग में 9 हजार रन के करीब भी पहुंच गए हैं और इस बड़े माइलस्टोन से महज 11 रन दूर हैं।

बेंगलुरु ने अपने होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 50वीं जीत दर्ज कर एक और उपलब्धि हासिल की। वहीं गुजरात की पारी में साई सुदर्शन ने शतक जड़ते हुए क्रुणाल पंड्या की बाउंसर पर एक हाथ से शानदार छक्का लगाकर मैच का यादगार मोमेंट भी दिया।




- **कोहली आईपीएल में 9 हजार रन बनाने से 11 रन दूर-** कोहली ने गुजरात के खिलाफ 44 गेंद पर 81 रन बनाए। वे आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 266 पारियों में 8989 रन दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम आता है, जिन्होंने 271 पारियों में 7183 रन बनाए हैं।
- **कोहली के आईपीएल में 800 चौके पूरे-** कोहली ने शुक्रवार को 8 चौके जड़े। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 800 चौके भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक सबसे ज्यादा 807 चौके लगाए हैं। उनके बाद शिखर धवन हैं, जिन्होंने 768 चौके लगाए हैं। 663 चौकों के साथ डेविड वॉर्नर तीसरे नंबर पर हैं।
- **आईपीएल में कोहली के 300 छक्के पूरे-** कोहली ने मैच में 81 रन की पारी के दौरान 4 छक्के लगाए। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 300 छक्के भी पूरे कर लिए। यह आंकड़ा पार करने वाले वह तीसरी खिलाड़ी हैं। आईपीएल में सबसे छक्के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 357 छक्के लगाए हैं। रोहित शर्मा 310 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।
- **चिन्नास्वामी पर आरसीबी की 50वीं जीत-** आरसीबी ने चिन्नास्वामी पर 50वीं जीत दर्ज की। वह ऐसा करने वाली चौथी टीम बन गई है। किसी एक वेन्यू पर सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड मुंबई के नाम है, जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर 58 मैच जीते हैं। कोलकाता ईडन गार्डन्स पर 55 जीत के साथ दूसरे और चेन्नई एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 53 जीत के साथ तीसरे नंबर पर है।
- **आरसीबी के खिलाफ 15वां शतक लगा-** आरसीबी के खिलाफ सुदर्शन ने शतक जड़ा। आईपीएल में 15वीं बार है जब किसी बल्लेबाज ने बेंगलुरु के खिलाफ सेंचरी लगाई। यह किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगने का रिकॉर्ड है। 14-14 शतकों के साथ कोलकाता और मुंबई संयुक्त रुप से दूसरे नंबर पर है।
- **सुदर्शन ने आईपीएल में सबसे तेज 2000 रन पूरे किए-** आरसीबी के खिलाफ सुदर्शन ने शानदार शतक लगाया। इस पारी के दौरान 72 रन बनाते ही उनके आईपीएल में 2000 रन पूरे हुए। उन्होंने सिर्फ 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की, जो सबसे तेज है। इससे पहले क्रिस गेल ने 48 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे।
- **सुदर्शन-गिल के बीच 8वीं शतकीय साझेदारी-** चिन्नास्वामी में सुदर्शन और गिल ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। यह दोनों के बीच आईपीएल में 8वीं शतकीय साझेदारी है, जो तीसरे नंबर पर है। सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के बीच हुई है। दोनों ने 10 सेंचुरी पार्टनरशिप की है। दूसरे नंबर पर 9 शतकीय साझेदारी के साथ विराट कोहली और क्रिस गेल की जोड़ी है।
- **सुदर्शन ने गुजरात टाइटंस के लिए तीसरा शतक जड़ा-** आरसीबी के खिलाफ साई सुदर्शन ने अपनी तीसरी आईपीएल सेंचुरी लगाई। यह तीनों शतक उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए लगाए हैं। गुजरात के लिए उनसे ज्यादा 4 शतक शुभमन गिल ने लगाए हैं।
- **साई ने सिक्स जड़कर फिफ्टी पूरी की-** 8वें ओवर में साई सुदर्शन ने शानदार पैडल शॉट के जरिए अपनी फिफ्टी पूरी की। रोमारियो शेफर्ड ने ओवर की दूसरी गेंद ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ फेंकी। साई ने गेंद के नीचे आकर शानदार पैडल शॉट खेला और लॉन्ग लेग के ऊपर से छक्का जड़ दिया। यह इस सीजन की उनकी दूसरी फिफ्टी थी।
- **कैच पकड़ने के दौरान सुयश को चोट लगी-** 13वें ओवर में साई सुदर्शन के शॉट पर सुयश चोटिल हो गए। सुयश की दूसरी गेंद को सुदर्शन ने बॉलर की ओर जोरदार शॉट खेला। सुयश ने कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद बाईं हाथ की बीच वाली उंगली पर लगी। इसके बाद फिजियो को तुरंत मैदान पर आना पड़ा।
- **सुयश ने विकेट लेने के बाद गिल का सेलिब्रेशन किया-** सुयश शर्मा ने 13वें ओवर में शुभमन गिल को आउट कर शतकीय ओपनिंग साझेदारी तोड़ी। ओवर की चौथी गेंद शॉर्ट लेंथ गुगली डाली, जिसपर शुभमन सही से टाइम नहीं कर पाए। गेंद लॉन्ग ऑन की ओर गई, जहां देवदत्त पडीक्कल ने आसान कैच पकड़ा। इस विकेट को सुयश ने शुभमन की स्टाइल में सेलिब्रेट किया।
- **कोहली का शून्य पर सुंदर ने कैच छोड़ा-** कोहली का उनकी पहली गेंद पर ही कैच छूट गया। दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर डाला। उन्होंने तीसरी गेंद फुल लेंथ डाली, जिसपर कोहली गेंद को ठीक से टाइम नहीं कर पाए। गेंद मिड विकेट पर खड़े वॉशिंगटन सुंदर के पास गई, लेकिन उन्होंने कैच छोड़ दिया।

# मिचेल स्टार्क को आईपीएल खेलने की मंजूरी मिली

## 1 मई को दिल्ली के लिए खेल सकते हैं पाकिस्तानी मूल के स्पिनर भी टीम में शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने आईपीएल में खेलने की मंजूरी दे दी है। वह जल्द ही भारत आकर दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़ेंगे। 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में उनके खेलने की उम्मीद है। दूसरी ओर सीएसके ने चोटिल आयुष म्हात्रे की जगह पेसर आकाश माधवाल को टीम में शामिल किया है।

**दिल्ली की गेंदबाजी होगी मजबूत-** 36 वर्षीय स्टार्क चोट की वजह से टूर्नामेंट के शुरूआती मुकाबले नहीं खेल सके थे। उन्होंने एशेज सीरीज के बाद कंधे और कोहनी में चोट की शिकायत थी। ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड से क्लियरेंस के बाद वह 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में खेल सकते हैं। स्टार्क के अलावा सनराइजर्स हैदराबाद में शामिल पैट कमिंस भी अब तक एक भी मुकाबले नहीं खेले हैं, लेकिन उनके इस हफ्ते पहला मैच खेलने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स अपने पिछले 4 में 3 मुकाबले हार चुकी है। वह 6 मैचों में 6 अंकों के साथ प्वाइंटर्स टेबल में 5वें नंबर पर मौजूद है।

**चेन्नई ने आकाश को 30 लाख में साइन किया-** उत्तराखंड के 32 साल के तेज गेंदबाज आकाश माधवाल को चेन्नई ने 30 लाश रुपये में साइन किया है। उन्हें आयुष म्हात्रे का रिप्लेसमेंट चुना गया है, जो सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में हैमस्ट्रिंग इंजरी के बाद पूरे सीजन से बाहर हो गए थे। उन्होंने आईपीएल में खेले अब तक 17 मुकाबलों में 23 विकेट लिए हैं। वह 2023-24 में मुंबई इंडियंस और 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल चुके हैं। 2023 के आईपीएल एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 5 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

**पाकिस्तानी मूल के रेहान अहमद दिल्ली कैपिटल्स में शामिल-** दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट की जगह इंग्लैंड के लेग स्पिन ऑलराउंडर रेहान अहमद को टीम में शामिल किया है। उन्हें दिल्ली ने 75 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। रेहान का यह पहला आईपीएल सीजन होगा। डकेट ने आईपीएल की शुरूआत से ठीक पहले अपना नाम वापस ले लिया था। नियमों के तहत टूनार्मेंट में उन पर 2 साल का बैन लग सकता है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









## पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने पर

# सरकार ने बताया गलत, कहा- बाजार में फैलाई जा रही अफवाह




ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

पेट्रोलियम मंत्रालय ने पेट्रोल-डीजल महंगे होने की खबरों को गलत बताया है। मंत्रालय ने कहा कि कीमतें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है और ऐसी खबरें डर फैलाने वाली हैं।

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबरों को भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा कि कुछ समाचार रिपोर्टों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है। सरकार के सामने फिलहाल पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

दरअसल, कोटक संस्थागत इक्विटी की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि पेट्रोल-डीजल के दाम 25 से 28 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ सकते हैं। देश में जारी राज्य चुनावों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

सरकार के अनुसार, ऐसी खबरें लोगों में डर और घबराहट फैलाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां पिछले चार वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। मंत्रालय के मुताबिक, भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बावजूद आम जनता को राहत देने के लिए लगातार कदम उठाए हैं, ताकि लोगों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कई अहम कारकों से तय होती हैं। इनमें सबसे बड़ा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों का होता है, क्योंकि पेट्रोल और डीजल इसी से तैयार किए जाते हैं।

## हवाई किराया मामले में डीजीसीए सख्तः इंडिगो को चेतावनी पत्र जारी

# यात्रियों को लौटाना पड़ा अतिरिक्त पैसा




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

डीजीसीए ने दिसंबर 2025 में हवाई किराए की सीमा का उल्लंघन करने पर इंडिगो को चेतावनी दी है। एयरलाइन ने अतिरिक्त वसूला गया किराया यात्रियों को वापस कर दिया है, हालांकि शेयर बाजार में कंपनी के प्रदर्शन में गिरावट का सिलसिला जारी है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो एक बार फिर रडार पर है। विमानन नियामक महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो को चेतावनी पत्र जारी किया है। यह मामला दिसंबर 2025 के दौरान सरकार की ओर से घरेलू हवाई किराए पर लगाए गए फेयर कैप यानी हवाई किराए की सीमा के उल्लंघन से जुड़ा है। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने गुरुवार को इस नियामक कार्रवाई की औपचारिक जानकारी दी है।


**क्या है पूरा मामला-** स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, डीजीसीए ने यह कदम उन हवाई किरायों की जांच के बाद उठाया है, जो एयरलाइन ने दिसंबर 2025 में यात्रियों से वसूले थे। उस समय सरकार ने हवाई किरायों के लिए एक निश्चित सीमा तय की थी, जिससे यात्रियों से मनमाना किराया न वसूला जा सके। नियामक ने पाया कि इंडिगो ने कुछ मार्गों पर इन नियमों का पालन नहीं किया था। डीजीसीए ने एयरलाइन को भविष्य के लिए सख्त हिदायत दी है। नियामक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एयरलाइन को सरकारी आदेशों का पालन करने में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में नियमों का किसी भी स्तर पर उल्लंघन न हो।

**ईंधन शुल्क में बढ़ोतरी की मार-** नियामक चुनौतियों के बीच इंडिगो ने हाल ही में यात्रियों पर बोझ भी बढ़ाया है। विमानन ईंधन की कीमतों में वैश्विक स्तर पर हुई बढ़त के कारण एयरलाइन ने 2 अप्रैल, 2026 से नई बुकिंग पर ईंधन शुल्क बढ़ा दिया है। यह वृद्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों पर लागू की गई है।

- **इंडिगो ने दी सफाई-** इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए इंडिगो ने कहा है कि उसे डीजीसीए का पत्र मंगलवार, 21 अप्रैल को प्राप्त हुआ था। कंपनी ने यह भी दावा किया है कि इस कार्रवाई से उसके वित्तीय स्वास्थ्य, परिचालन या अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ेगा। एयरलाइन ने नियामक को सूचित किया है कि उसने पहले ही अपनी तरफ से सुधारात्मक कदम उठा लिए हैं। इसके तहत उन यात्रियों को पैसा वापस कर दिया गया है, जिनसे नियमों के विरुद्ध अतिरिक्त किराया वसूला गया था।
- **शेयर बाजार में गिरावट का दौर-** नियामक कार्रवाई की खबर का असर इंडिगो के शेयरों पर भी देखने को मिला। गुरुवार को इंटरग्लोब एविएशन के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 4,567.20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। पिछले छह महीनों में इस एविएशन स्टॉक में 20 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। 2026 की शुरूआत से अब तक यह शेयर 10 प्रतिशत नीचे आ चुका है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक साल में कंपनी के शेयरों में लगभग 18 प्रतिशत की कमी आई है। स्टॉक का 52-सप्ताह का उच्चतम स्तर 6,232.50 रुपये रहा है, जबकि इसका 52-सप्ताह का निचला स्तर 3,895.20 रुपये दर्ज किया गया है।

## पश्चिम एशिया संकट

# ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को 90 दिनों के लिए बढ़ाया



ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

ईरान युद्ध के चलते तेल की कीमतों में आए उछाल को रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन ने जोन्स एक्ट में 90 दिनों की अतिरिक्त छूट दी है। दावा किया जा रहा है कि इस कदम से विदेशी जहाजों की मदद से अमेरिका में ईंधन की आपूर्ति तेज होगी और बाजार में स्थिरता आएगी। पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिका से एक बड़ी खबर आई है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को अगले 90 दिनों के लिए विस्तार देने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस फैसले का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी ऊर्जा बाजार में आई भारी अस्थिरता को कम करना और तेल-प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को सुगम बनाना है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव से उपजे वैश्विक संकट के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के इस फैसले को मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है।

**विदेशी जहाजों के लिए खुले रास्ते-** इस छूट के लागू होने के बाद अब गैर-अमेरिकी जहाजों के लिए अमेरिकी बंदरगाहों से तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन करना काफी आसान हो जाएगा। जोन्स एक्ट के प्रावधानों के तहत केवल अमेरिका में बने, अमेरिकी स्वामित्व वाले और अमेरिकी चालक दल वाले जहाजों को ही घरेलू समुद्री व्यापार की अनुमति होती है। हालांकि, मौजूदा ऊर्जा संकट के बाद आपूर्ति श्रृंखला में आए अवरोधों को देखते हुए ट्रंप प्रशासन ने इन नियमों में ढील दी है। ज्ञात हो कि ट्रंप ने सबसे पहले मार्च के मध्य में 60 दिनों की छूट की घोषणा की थी। यह निर्णय होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बाद लिया गया था। पश्चिम एशिया संकट गहराने की वजह से अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति काफी हद तक बाधित हुई है।

# अगले पांच वर्षों में भारत में अरबपतियों की संख्या में 51% की वृद्धि का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली



एक रिपोर्ट केअनुसार, अगले पांच वर्षों में भारत में अरबपतियों की संख्या में 51 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। भारत में अरबपतियों की संख्या 2026 की शुरूआत में 207 से बढ़कर 2031 तक 313 होने का अनुमान है, यानी इसमें 51 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मौजूदा समय में भारत अल्ट्रा हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल में विश्व में छठा आबादी वाला देश है।

वैश्विक स्तर पर चल रहे घटनाक्रम की वजह से भू-राजनीतिक अनिश्चितता, बढ़ती ब्याज दरों की चिंताओं और असमान आर्थिक प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इन सबके बावजूद दुनिया भर में लोगों में संपत्ति बनाने में जबरदस्त तेजी आई है, वहीं भारत की बात करें तो देश में अल्ट्रा-हाई-नेट-वर्थ इंडिविजुअल आबादी में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। वैश्विक प्रॉपर्टी सलाहकार नाइट फ्रैंक की द वेल्थ रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। नाइट फ्रैंक के वेल्थ साइजिंग मॉडल के अनुसार, भारत में अरबपतियों की संख्या 2026 की शुरूआत में 207 से बढ़कर 2031 तक 313 होने का अनुमान है, यानी इसमें 51 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। मौजूदा समय में भारत अल्ट्रा हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल में विश्व में छठा आबादी वाला देश है।

**भारत में यूएचएनडब्ल्यू आबादी में बढ़ोतरी-** रिपोर्ट का कहना है भारत में अल्ट्रा नेट वर्थ इंडिविजुअल की कहानी पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है और बड़े स्तर मजबूत होती गई है। भारत अल्ट्रा हाई नेट वर्थ इंडिविजुअल में विश्व में छठा आबादी वाला देश है। साल 2021 और 2026 के बीच 12,000 से बढ़कर 19,877 हो गई, जो यह प्रौद्योगिकी, औद्योगिक और पूंजी बाजार क्षेत्रों में असाधारण धन सृजन में हुई वृद्धि से हुआ है।

**अल्ट्रा नेट वर्थ इंडिविजुअल मुंबई का दबदबा बना हुआ है-** भारत में 35.4 प्रतिशत अल्ट्रा नेट वर्थ इंडिविजुअल (अति-अमीर आबादी) वाले क्षेत्र के रूप में मुंबई का दबदबा बना हुआ है। नाइट फ्रैंक का कहना है कि आर्थिक दृष्टि से भारतीय क्षेत्रों के तेजी से विकास के कारण धन का विकेंद्रीकरण अधिक हुआ है, और इसीलिए कुछ ही शहरों ने अति-अमीर आबादी में अपना योगदान बढ़ाया है। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली और चेन्नई ने अति-अमीर आबादी में अपना योगदान 3 प्रतिशत तक बढ़ाया है। हैदराबाद ने भी 2015 से अपना

**अगले पांच वर्षों में भारत में अरबपतियों की संख्या में 51% की वृद्धि होने का अनुमान-** रिपोर्ट का दावा है कि, पिछले पांच वर्षों में भारत में अरबपतियों की संख्या में 58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 2026 तक यह संख्या 207 हो जाएगी, जिससे देश अमेरिका (914) और चीन (485) के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

## बिहार में पहली बार शुरू हुई दाल की संगठित खरीद

# छत्तीसगढ़ में एमएसपी पर खरीद बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद तेज कर दी है और बिहार में पहली बार दालों की संगठित खरीद शुरू की गई है।

केंद्र सरकार ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर फसलों की खरीद को काफी बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही बिहार में आत्मनिर्भर दलहन मिशन के तहत पहली बार मसूर की दाल की संगठित खरीद शुरू की गई है। यह कदम देश को दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने पीएम-आशा योजना के तहत एमएसपी पर होने वाली खरीद को काफी मजबूत किया है। इस काम में नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) और नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएएफईडी) मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। बिहार में एनसीसीएफ ने पहली बार मसूर दाल की खरीद शुरू कर एक नई शुरूआत की है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के मुताबिक इस पूरी पहल को वैज्ञानिक भंडारण व्यवस्था से जोड़ा गया है। इसके लिए सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के साथ मिलकर खास गोदामों का उपयोग किया जा रहा है। सरकार ने 22 अप्रैल 2026 तक बिहार में 32,000 मीट्रिक टन मसूर खरीदने का लक्ष्य रखा है।

बिहार में इस खरीद के लिए अब तक 16 पीएसीएस और एफपीओ का रजिस्ट्रेशन किया गया है। अब तक 59 किसानों को इस मुहिम से जोड़ा जा चुका है और 100.4 मीट्रिक टन मसूर की खरीद पूरी भी हो चुकी है। एनएएफईडी भी अपने नेटवर्क के जरिए इस खरीद को और ज्यादा बढ़ाने की तैयारी में जुटा है।

छत्तीसगढ़ में भी पीएम-आशा योजना के तहत खरीद के काम में तेजी आई है। ई-सम्युक्ति पोर्टल के जरिए किसानों को डिजिटल तरीके से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा दूरदर्शन और अन्य माध्यमों से किसानों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में राज्य में 85 पीएसीएस केंद्र सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

## पीएम मोदी ने हुगली नदी में नाव की सवारी की: नाव चलाने वाले को गले लगाया, 1000 दिए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हुगली नदी में नाव की सवारी की है। इस दौरान पीएम ने खुद से फोटोग्राफी भी की। तस्वीरों में वे हाथ में कैमरा लिए नजर आ रहे हैं। उन्होंने नाविकों से बातचीत भी की। हुगली में नाव की सवारी कराने वाले नाविक को एक हजार रुपए भी दिए।

पीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नाव की सवारी वाली तस्वीरें शेयर की। उन्होंने लिखा, ह्यहर बंगाली के लिए गंगा का एक बहुत ही खास स्थान है। यह कहना गलत नहीं होगा कि गंगा बंगाल की आत्मा में बहती है ह्व इससे पहले पीएम 19 अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में रास्ते में वह एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई। पीएम मोदी ने कोलकाता के हुगली घाट पर नाव की सवारी के बाद नाविक गौरांगो बिस्वास को गले लगाया और 1000 रुपए दिए। पीएम ने ७ पर एक वीडियो शेयर कर लिखा- कल शाम हावड़ा से कोलकाता तक लंबे रोड शो के दौरान हावड़ा ब्रिज पर था। आज सुबह उसे हुगली नदी से देखा। पीएम मोदी रविवार 19 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने झाड़ग्राम में एक दुकान पर रुके और झालमुड़ी खाई। झालमुड़ी बनाते हुए दुकानदार ने पूछा, ह्यआप प्याज खाते हैं। पीएम ने जवाब दिया- हां प्याज खाता हूं बस दिमाग नहीं। यह सुनकर दुकानदार हंसने लगा। पीएम ने दुकानदार से इस मुलाकात का करीब 40 सेकेंड का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। साथ ही कुछ तस्वीरें भी शेयर कीं।

## हिमाचल के 3 जिलों में हीटवेव

हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में आज हीटवेव महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार- कांगड़ा के धर्मशाला, ऊना और कुल्लू के भुंतर में दोपहर के वक्त हीटवेव चलने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

ऊना का अधिकतम तापमान आज नॉर्मल से 6 डिग्री ज्यादा के उछाल के साथ 41.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। यह इस सीजन का सबसे गर्म दिन है। ऊना का आज तक का अप्रैल महीने का रिकॉर्ड टेंपरेचर 30 अप्रैल 2022 को 43.2 डिग्री सेल्सियस है। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान भी सामान्य से 5.1 डिग्री ज्यादा हो गया है। कांगड़ा का पारा भी 8 डिग्री अधिक के उछाल के साथ 37.2 डिग्री, सुंदरनगर का 36, डिग्री, मंडी का 36.2 डिग्री और बरठी का पारा 35.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। अन्य शहरों के तापमान में भी सामान्य की तुलना में 4 से 6 डिग्री का उछाल आया है। राहत की बात यह है कि कल (शनिवार ) से गर्मी से हल्की राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार- आज रात शाम से एक फ्रेश वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है।

# भागवत बोले- भारत विश्वगुरु जरूर बनेगा, कोई संदेह नहीं, राम मंदिर को लेकर भी लोग शक करते थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत निश्चित रूप से विश्वगुरु बनेगा और इस पर किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब लोग अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर संशय में रहते थे। इसे असंभव मानते थे।

लेकिन आज वह मंदिर सबके सामने साक्षात खड़ा है। ठीक उसी प्रकार, भारत का विश्वगुरु के रूप में पुनरुत्थान भी पूरी तरह निश्चित है और इस यात्रा को रोका नहीं जा सकता। भागवत ने यह बात नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट परिसर में बनने वाले भारत दुर्गा शक्ति स्थल मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में कही।

इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी मित्रानंदजी महाराज, साध्वी ऋतंभरा और धीरेन्द्र शास्त्री सहित कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे।

नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट में हुए कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत कई धार्मिक नेता मौजूद रहे।



नागपुर में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट में हुए कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समेत कई धार्मिक नेता मौजूद रहे।

देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह न रखें और साहस व आत्मनिर्भरता के साथ जीवन जीएं। उनके मुताबिक, अगर लोग अपने संकल्प के अनुसार कदम-दर-कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत और नैतिक रूप से सशक्त बनेगा।

उन्होंने कहा कि भारत के विश्वगुरु बनने का सपना निरंतर प्रयासों और सामूहिक अनुशासन के माध्यम से साकार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तरह का परिवर्तन वर्तमान पीढ़ी में देखा जा सकता है।

उन्होंने कहा- भारत के भविष्य पर संदेह न करें। साहस और आत्मनिर्भरता के साथ जीएं और इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। भारत मजबूत होगा और दुनिया का मार्गदर्शन करेगा।

### पश्चिमी चश्मे को उतार फेंकने की जरूरत- भागवत

डॉक्टर भागवत ने कहा कि भारत को यदि वास्तव में समझना है, तो इसे इसकी अपनी सभ्यता और सनातन मूल्यों की दृष्टि से देखना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले 150 वर्षों में विकसित हुई पश्चिमी सोच से भारत को नहीं समझा जा सकता। नागरिकों को इस विदेशी विचारधारा की परतों को उतार फेंकना होगा। यदि हम अपने संकल्प के अनुसार कदम दर कदम आगे बढ़ें, तो भारत मजबूत, सदाचारी और वैश्विक मार्गदर्शक बनेगा। भागवत ने कहा कि भारत को सही मायने में समझने के लिए, लोगों को पहले भारत को गहराई से समझना होगा और फिर उसे अपने दैनिक जीवन में उतारना शुरू करना होगा। आरएसएस प्रमुख ने नागरिकों से पश्चिमी सोच को त्यागने और विचार एवं व्यवहार में भारतीय परंपराओं से दोबार जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन दैनिक जीवन में छोटे, लेकिन सार्थक बदलावों से शुरू होगा, जैसे कि भाषा, पहनावा, खान-पान की आदतें और सांस्कृतिक प्रथाएं।

## 7 महीने प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत, सुप्रीम कोर्ट बोला- यह महिला की इच्छा का सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा- यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया।

लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के बाद प्रेग्नेंट हुई थी। नाबालिग की मां ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में तय समयसीमा से आगे जाकर बेटी के अबॉर्शन की इजाजत मांगी थी। लड़की ने भी कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती।

याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने कहा गया कि इस प्रेग्नेंसी ने नाबालिग को गंभीर मानसिक तनाव दिया है और उसकी पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। कोर्ट को बताया गया कि नाबालिग में पहले से ही गंभीर मानसिक तनाव के संकेत दिख रहे हैं। वह आत्महत्या की कोशिश भी कर चुकी है।

सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि बच्चे को सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी के जरिए गोद दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है, जिससे लड़की और उसके परिवार की पहचान सुरक्षित रहे। उन्होंने नाबालिग को आर्थिक मदद की पेशकश भी की। हालांकि जस्टिस नागरत्ना ने इस तर्क पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट महिलाओं को अबॉर्शन के बजाय उनके लिए आर्थिक मदद या गोद लेने जैसे विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।

## राम माधव बोले-भारत ने अमेरिका के लिए क्या नहीं किया, टैरिफ झेला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा नेता और आरएसएस लीडर राम माधव के अमेरिका के साथ भारत के रिश्ते पर बयान को लेकर विवाद हो गया है। माधव ने वॉशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए क्या नहीं किया। उन्होंने कहा, 'भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद किया, रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमति जताई और अमेरिकी टैरिफ का भी विरोध नहीं किया। तो फिर आखिर भारत अमेरिका के साथ काम करने में कहां कमी कर रहा है?'

हालांकि, विपक्ष की आलोचना के बाद राम माधव ने माफी मांग ली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शुक्रवार को लिखा, ह्यभारत ने कभी भी रूस से तेल आयात रोकने पर सहमति नहीं दी। साथ ही, 50% टैरिफ लगाए जाने का भी उसने जोरदार विरोध किया।' कांग्रेस ने राम माधव के बयान को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला था। पार्टी ने आरोप लगाया कि माधव के बयान से यह साफ है कि मोदी सरकार ने अमेरिका को खुश करने के लिए भारत के हितों से समझौता किया। कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यमोदी वही करते हैं, जो ट्रम्प चाहते हैं। मोदी ट्रम्प की कठपुतली हैं। यही वजह है कि ट्रम्प भारत को नरकि बता देते हैं और मोदी की हिम्मत नहीं होती कुछ कहने की।

### परफ्यूम की बोतल के कारण भड़की आग, 4 जिंदा जले

# नीमराना के अवैध कबाड़ गोदाम में धमाके, 1 किमी तक दिखाई दीं लपटें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान के नीमराना (कोटपूतली-बहरोड़) में अवैध कबाड़ गोदाम में आग लगने से 4 लोग जिंदा जल गए। इसमें दो मासूम भी हैं। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से झुलसी है। दो लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। सभी मृतक झारखंड के हैं। शवों की शिनाख्त डीएनए टेस्ट से होगी। दावा किया जा रहा है कि हादसा परफ्यूम की बोतल से निकले केमिकल में आग लगने से हुआ। गोदाम में रखे केमिकल ड्रमों में



भी ब्लास्ट हुए। घटना शुक्रवार शाम करीब 5 बजे की है।



### ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में गोल्ड कार्ड वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था

# प्रेसिडेंट ट्रम्प का गोल्ड कार्ड वीजा हुआ फ्लॉपः अब तक सिर्फ 1 व्यक्ति ने ही लिया, 1300 आवेदन बेचे जाने का किया था दावा

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका में अब तक केवल एक व्यक्ति ने ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बहुचर्चित गोल्ड कार्ड वीजा हासिल किया है। गोल्ड कार्ड वीजा में कोई विदेशी 10 लाख डॉलर (9 करोड़ रुपए से ज्यादा) देकर अमेरिका में रहने और काम करने का अधिकार पा सकता है। वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने संसदीय समिति की सुनवाई में यह जानकारी दी। यह आंकड़ा उनकी पहले की उस घोषणा से काफी कम है, जिसमें उन्होंने कहा था कि योजना लॉन्च होने के कुछ ही दिनों में करीब 10,800 करोड़ रु. के 1300 आवेदन बेचे जा चुके हैं। लुटनिक ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल सैकड़ों आवेदन प्रक्रिया में हैं।

ट्रम्प ने फरवरी, 2025 में गोल्ड कार्ड वीजा प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया था। हालांकि उस वक्त उन्होंने इसकी कीमत 5 मिलियन डॉलर रखी थी। सितंबर में इसे घटाकर 1 मिलियन डॉलर कर दिया गया था। ट्रम्प का कहना था कि यह अमेरिका फर्स्ट एजेंडे का हिस्सा है, जो टॉप टैलेंट (जैसे भारत-चीन से पढ़े स्टूडेंट्स) को रोकने और कंपनियों को अमेरिका लाने के लिए है।

## धनी विदेशियों के लिए है ये वीजा

गोल्ड कार्ड की अनलिमिटेड रेसीडेंसी में नागरिकों को सिर्फ पासपोर्ट और वोट देने का अधिकार नहीं मिलता, बाकी सारी सुविधाएं एक अमेरिकी नागरिक के जैसी मिलती हैं। यह प्रक्रिया उसी तरह होगी, जैसे ग्रीन कार्ड के जरिए स्थायी निवास मिलता है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि यह वीजा प्रोग्राम खास तौर पर धनी विदेशियों के लिए है, ताकि वे 1 मिलियन डॉलर देकर अमेरिका में रहते हुए काम कर सकें। अब अमेरिका सिर्फ टैलेंटेड लोगों को ही वीजा देगा, न कि ऐसे लोगों को जो अमेरिकियों की नौकरियां छीन सकते हैं। उन्होंने यह भी



कहा कि इस रकम का इस्तेमाल टैक्स को घटाने और सरकारी कर्ज चुकाने में किया जाएगा।



ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लॉन्च किए थे। इनमें 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' शामिल हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। वहीं ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड जल्दी शुरू किया जाएगा। कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक के मुताबिक, यह गोल्ड कार्ड मौजूदा एइ-1 और एइ-2 वीजा की जगह लेगा। ग्रीन कार्ड श्रेणियां बंद हो सकती हैं। एइ-1 वीजा अमेरिका का एक स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) वीजा है।




## इजराइली पीएम को प्रोस्टेट कैंसर हुआ, चुपचाप इलाज कराया

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें प्रोस्टेट कैंसर हुआ था। उन्होंने रेडिएशन थेरेपी से इसका चुपचाप इलाज कराया। करीब दो महीने तक इस बीमारी को सार्वजनिक नहीं किया गया और अब इलाज पूरा होने के बाद जानकारी दी गई है।

76 साल के नेतन्याहू ने कहा कि यह पहली बार है जब उन्हें कैंसर का पता चला। उन्होंने यह भी बताया कि अपनी मेडिकल रिपोर्ट जारी करने में इस साल जानबूझकर देरी की, ताकि ईरान इसे युद्ध के दौरान इजराइल के खिलाफ प्रचार के तौर पर इस्तेमाल न कर सके। यह जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में दी। नेतन्याहू के मुताबिक, दिसंबर 2024 में उनका प्रोस्टेट बढ़ने की वजह से ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद वह नियमित जांच कराते रहे। हाल की जांच में प्रोस्टेट में एक सेंटीमीटर से छोटा एक ट्यूमर मिला, जो शुरूआती स्टेज का मैलिग्नेंट कैंसर था।

# तख्तापलट पर सट्टा खेलकर 4 करोड़ कमाए


### वेनेजुएला में घुसकर राष्ट्रपति मादुरो को पकड़ने वाला सैनिक गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका की स्पेशल फोर्स से जुड़े एक सैनिक मास्टर सार्जेंट गैनन केन वैन डाइक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले ऑपरेशन पर सट्टा लगाया और इससे करीब 4.09 लाख डॉलर (करीब 4 करोड़ रुपए) कमा लिए।

डाइक अमेरिकी सेना के स्पेशल फोर्स (ग्रीन बैरे) का हिस्सा है। इसी यूनिट ने वेनेजुएला जाकर निकोलस मादुरो को पकड़ा था। ऐसे में डाइक को पहले से वेनेजुएला पर होने वाले सीक्रेट एक्शन की जानकारी थी।ॉ

इसी जानकारी के आधार पर उसने दांव लगाया। उसके जीतने के बाद मिली रकम, भले ही गुमनाम थी, लेकिन तुरंत ही जांच एजेंसियों के शक में आ गई।




डाइक अमेरिकी सेना में मास्टर सार्जेंट के पद पर था। यह एक सीनियर पद होता है। ऐसे अधिकारी को रणनीतिक और तकनीकी मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है और वह यूनिट में अनुशासन और मानकों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है।

जांच के मुताबिक, डाइक ने दिसंबर के आखिर में ह्यपॉलिमार्केटह्न नाम के प्लेटफॉर्म पर अकाउंट बनाया। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां लोग भविष्य की घटनाओं पर दांव लगाते हैं। दिसंबर 2025 तक वेनेजुएला में घुसकर राष्ट्रपति मादुरो का तख्तापलट करने की घटना पर यकीन करने वाले लोग नहीं थे। डाइक ने इससे मिलते-जुलते नतीजों पर कुल 13 बार 32 हजार डॉलर का दांव लगाया, जैसे कि मादुरो कब तक सत्ता से हटेंगे या अमेरिका वेनेजुएला में कब तक सैन्य कार्रवाई करेगा।

# ईरान जंग में खर्च हुईं चीन के लिए रिजर्व मिसाइलें

## अमेरिका का मिसाइल स्टॉक खत्म होने के करीब

ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े देशों से होने वाले संभावित युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है।

इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं। इस पूरे युद्ध पर 28 से 35 अरब डॉलर खर्च हुए। यानी हर दिन करीब 1 अरब डॉलर (लगभग 90 अरब रुपए) खर्च हुए। युद्ध रुके हुए दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन अब तक अमेरिका ने यह नहीं बताया कि कुल कितने हथियार इस्तेमाल हुए। मंत्रालय का कहना है कि 13,000 से ज्यादा टारगेट पर हमला किया गया। लेकिन अधिकारियों के मुताबिक एक ही टारगेट पर कई बार हमले हुए, इसलिए असल में इस्तेमाल हुए हथियारों की संख्या इससे काफी ज्यादा है।


## मिसाइलों का स्टॉक तेजी से कम हुआ

युद्ध के दौरान अमेरिका ने जिन हथियारों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया, उनमें लंबी दूरी की खअररट-एफ मिसाइलें शामिल हैं। ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं। इसके अलावा टॉमहॉक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ। अमेरिका सालभर में जितनी मिसाइलें खरीदता है, उससे करीब 10 गुना ज्यादा इस युद्ध में खर्च हो गईं। एक स्टडी के मुताबिक, अब अमेरिका के पास करीब 3000 टॉमहॉक मिसाइलें ही बची हैं।



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | यु | क | वि |
| टी | वी | सू | ह | क्स | ल | जी | टि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ना | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| टा | ज | न | घ | व | म | डे | डी. | म्स | सी | चें |
| रि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| बे | ह | यु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सौ | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| मि | ल | च | त | र | ट | क | वें | न | गां | ध |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!

000000000

कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो घर की सभी लाइट्स बंद करके भूत वाली मूवी देखो...
कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

000000000

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!

000000000

एक बार क्लास में मैडम ने बच्चों से एक सवाल पूछा...
मैडम - तुम सब में से सबसे बहादुर कौन है बच्चों...?
मैडम - अच्छा बताओ, अगर तुम्हारे स्कूल के सामने कोई बम रख दे, तो तुम क्या करोगे...?
मैडम का सवाल सुन पप्पू ने हाथ उठाया और बोला
पप्पू - मैडम जी एक, दो मिनट देखेंगे अगर कोई ले जाता है तो ठीक है, नहीं तो स्टाफरूम में रख देंगे...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# अमेरिका-ईरान के बीच पाकिस्तान में बातचीत संभव, ईरानी विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे

**अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में बातचीत हो सकती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर को भी वहां भेजा है।**

**वे आज पाकिस्तान पहुंचेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस बार पाकिस्तान नहीं गए हैं, उन्हें स्टैंडबाय पर रखा गया है। जरूरत पड़ने पर वे इस्लामाबाद जा सकते हैं। दूसरी तरफ संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ भी इस बातचीत में शामिल नहीं हो रहे हैं। वे 11-12 अप्रैल को अमेरिका-ईरान की पहली बातचीत में डेलिगेशन के प्रमुख थे। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन पाकिस्तान में ईरान के साथ सीधे शांति वार्ता करेंगे। लेकिन ईरान की तरफ से अलग बयान आया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि ऐसी कोई बैठक तय ही नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान अपनी बात सीधे अमेरिका से नहीं, बल्कि पाकिस्तान के अधिकारियों के जरिए पहुंचाएगा।**

## ट्रम्प ने अपने दामाद और विशेष दूत को भेजा

पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच 11-12 अप्रैल को इस्लामाबाद में पहले दौर की बातचीत हुई थी। 21 घंटे तक यह वार्ता चलने के बावजूद नाकाम हो गई थी। दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल और न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी।

अमेरिका चाहता है कि यहां से जहाजों की आवाजाही पूरी तरह खुली और सुरक्षित रहे, ताकि तेल सप्लाई में रुकावट न हो। वहीं ईरान इस इलाके पर अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है और इसे बातचीत में दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल करता है। इसके अलावा अमेरिका चाहता है




कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करे, ताकि वह परमाणु हथियार न बना सके। लेकिन ईरान कहता है कि उसका प्रोग्राम सिर्फ शांतिपूर्ण (जैसे बिजली बनाने) के लिए है और वह इसे बंद नहीं करेगा।




## होर्मुज बंद होने का असर पनामा नहर पर दिख रहा



## ईरान में गालिबाफ को डेलिगेशन से हटाने की चर्चा

**तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की बातचीत करने वाली टीम में अंदरूनी मतभेद की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि मोहम्मद बाघेर गालिबाफ को बातचीत टीम से हटा दिया गया या उन्होंने इस्तीफा दे दिया।**

वजह यह बताई जा रही है कि वे अमेरिका के साथ बातचीत में परमाणु मुद्दे को शामिल करना चाहते थे। इसका मतलब है कि वे इस बात पर चर्चा के लिए तैयार थे कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर कुछ शर्तें मान सकता है या उस पर बातचीत हो सकती है।

इससे कट्टरपंथी धड़ा नाराज हो गया। अब खबर यह भी है कि उनकी जगह सईद जलीली को लाया जा सकता है, जिन्हें ज्यादा सख्त रुख वाला नेता माना जाता है।

सईद जलीली ने 2024 में राष्ट्रपति चुनाव लड़ा था लेकिन वे मसूद पजशकियान से हार गए थे। क्क्क्ष्ठ में उनका बहुत असर माना जाता है। एक दशक पहले पश्चिमी देशों और ईरान के बीच जो परमाणु हथियारों पर बातचीत हुई थी वो उसके वातार्कार रहे हैं। परमाणु हथियार को लेकर उनका आक्रामक रुख रहा है।

इससे यह संकेत मिल रहा है कि ईरान के अंदर दो लाइनें चल रही हैं। एक तरफ वे लोग हैं जो बातचीत को थोड़ा लचीला बनाना चाहते हैं, और दूसरी तरफ वे लोग हैं जो सख्त रुख रखना चाहते हैं, खासकर परमाणु मुद्दे पर।

### उपराष्ट्रपति वेंस के पाकिस्तान न जाने की संभावित वजह

यह चर्चा चल रही है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को अभी बातचीत से अलग रखा गया है, ताकि इस्लामाबाद में पहले छोटी टीम बातचीत कर ले। लेकिन व्हाइट हाउस का कहना है कि ऐसा नहीं है।

उनका कहना है कि पहले यह समझना जरूरी है कि ईरान क्या चाहता है और क्या समझौते की कोई गुंजाइश है। अगर बातचीत सही दिशा में जाती है और कोई ठोस बात सामने आती है, तब जेडी वेंस और मार्को रुबियो पाकिस्तान जाकर समझौते को अंतिम रूप देंगे।


एक और वजह प्रोटोकॉल की है। उपराष्ट्रपति जैसे बड़े नेता तभी जाते हैं, जब सामने भी उसी स्तर का नेता मौजूद हो। पिछली बार जब वेंस बातचीत के लिए गए थे, तब वहां ईरानी संसद के स्पीकर गालिबाफ भी पहुंचे थे। इस बार वे नहीं जा रहे हैं।

## रूस बोला- तेल के लिए दुनिया में दखल देता है अमेरिका

**रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि अमेरिका ने साफ कर दिया है कि वह ईरान और वेनेजुएला जैसे देशों में जो सैन्य कार्रवाई करता है, उसका मकसद तेल है।**

लावरोव ने शुक्रवार को रूस के सरकारी टीवी को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका यह मानता है कि उसे कोई भी देश नियम नहीं बता सकता। वह सिर्फ अपने फायदे के बारे में सोचता है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने फायदे को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, जैसे तख्तापलट करना, नेताओं का अपहरण करना या उनकी हत्या तक करना, खासकर उन देशों में जहां जरूरी प्राकृतिक संसाधन हैं। लावरोव ने कहा कि वेनेजुएला और ईरान के मामले में अमेरिका यह बात छिपाता भी नहीं कि असली मुद्दा तेल है। उनका कहना है कि अमेरिका दुनिया के ऊर्जा बाजार पर कब्जा करना चाहता है। लावरोव ने यह भी कहा कि इस तरह की सोच का मतलब है कि अब अंतरराष्ट्रीय कानून की कोई अहमियत नहीं बची है और अब फैसले इस आधार पर होते हैं कि जिसके पास ताकत है, वही सही है।




## समझौते की राह तलाशने पहुंचा अमेरिकी दल

अमेरिका की कुछ शर्तें हैं जिसे डोनाल्ड ट्रम्प कई बार दोहरा चुके हैं-
ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए
ईरान मिडिल ईस्ट में जिन उग्रवादी समूहों को समर्थन देता है, उनका क्या होगा
ईरान के पास जो इनरिच्ड यूरेनियम है उसका क्या किया जाएगा
होर्मुज पर आगे किसका कंट्रोल रहेगा ताकि इसे दोबारा बंद न किया जा सके अभी जो बातचीत हो रही है, वह सिर्फ यह समझने के लिए है कि क्या दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोई जमीन बन सकती है या नहीं। अगर रास्ता साफ दिखा, तभी आगे बड़े नेता शामिल होंगे और डील को फाइनल करेंगे।

■ वर्ष-12 अंक-171 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 25 अप्रैल, 2026

## सुभाषितानि

श्रियः प्रदुग्धे विपदो रुणद्धि यशांसि सूते मलिनं प्रमार्ष्टि।
संस्कारशौचेन परं पुनीते शुद्धा हि वुद्धिः किल कामधेनुः।।

**भावार्थ** : संपत्ति संपत्ति को धोखा देती है, संपत्ति संपत्ति है, पैसा दूसरों को धोखा देता है, और वाचा पवित्र होती है।

अजरामरवत् प्राज्ञः विद्यामर्थं च साधयेत्।
गृहीत एव केशेषु मृत्युना धर्ममाचरेत्।।

**भावार्थ** : यह समझते हुए कि बुढ़ापा और मृत्यु नहीं आने वाली है, मनुष्य ने ज्ञान और धन प्राप्त कर लिया है; लेकिन मौत ने हमारे बाल पकड़ लिए हैं, इसे समझें और धर्म का पालन करें।

## सम्पादकीयम्

### इराणस्य वृत्तिः

भारतं निरन्तरं स्वस्य तैलस्य आयातस्रोतानां विविधतां कुर्वन् अस्ति तथा च सम्प्रति ४१ तः अधिकेभ्यः भिन्नेभ्यः देशेभ्यः तैलस्य क्रयणं कुर्वन् अस्ति। एतेन राष्ट्रं सम्पूर्णतया पश्चिम एशियायाः आश्रितं नास्ति इति ज्ञायते। अपि च इरान्-देशेन अनेकाः भारतीयाः जहाजाः होर्मुज्-जलसन्धितः निर्गन्तुं अनुमतिः दत्ता अस्ति। तेहरानस्य वक्तव्यं-भारतसदृशानां मित्रराष्ट्रानां जहाजाः होर्मुज्-जलसन्धितः स्वतन्त्राः इति पुष्टिं कृत्वा-सकारात्मकं सन्देशमपि प्रसारयति आत्मविश्वासं धारयन्तु : द्वन्द्वकाले विविधाः प्रतिवेदनाः उपरि आगच्छन्ति, परन्तु ते सर्वे समीचीनाः न भवेयुः इति अनिवार्यम्। एतेषां केषाञ्चन प्रतिवेदनानां पृष्ठतः उद्देश्यं अराजकतायाः, आतङ्कस्य च निर्माणम् अस्ति। लाभार्थिनः, संग्रहकर्तारः च प्रायः एतादृशीनां परिस्थितीनां शोषणं कर्तुं पश्यन्तः प्रतीक्षन्ते। वर्तमानं चिन्तावातावरणं बहुधा अफवाः, अपूर्णसूचनाः च परिणामः अस्ति। यद्यपि सर्वकारेण खलु सम्भाव्यआकस्मिकघटनानां कृते सज्जाः भवन्तु इति आग्रहः कृतः तथापि एतस्य अर्थः न भवति यत् देशः तीव्र ऊर्जासंकटे निमग्नः अस्ति। आतङ्कितस्य अपेक्षया केवलं विश्वसनीयस्रोताभ्यः प्राप्तवार्तासु विश्वासः करणीयः, लाभार्थिभ्यः कृष्णविपणिकेभ्यः च कस्यापि अवसरस्य अङ्गीकारः अत्यावश्यकः वास्तविकपरीक्षा : अमेरिका, इजरायल्, इरान् च सम्बद्धः द्वन्द्वः सम्पूर्णविश्वस्य कृते आव्हानं कृतवान् अस्ति। अद्यतनं जगत् पूर्वस्मात् अपि अधिकं परस्परं सम्बद्धम् अस्ति।

#### ममता बनर्जी इत्यस्याः पादयात्रा पश्चिमबङ्गस्य निर्वाचनस्य प्रथमचरणस्य अनन्तरं

# मतदातानां मतदानस्य अधिकता राजनैतिकं गूञ्जनं तीव्रं करोति



ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

पश्चिमबङ्गदेशे प्रथमचरणस्य विधानसभानिर्वाचनस्य मतदानस्य समापनेन राजनैतिकक्रियाकलापाः अधिकं तीव्रताम् अवाप्तवन्तः। राज्यस्य मुख्यमन्त्री तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य सुप्रीमो ममता बनर्जी इत्यनेन भबनीपुरक्षेत्रे पदयात्रा (पदयात्रा) नेतृत्वं कृत्वा निर्वाचनवातावरणं अधिकं तापितं। भबनीपुरस्य कंसरीपारा शीतला मन्दिरे आरब्धः अयं पदयात्रा पटुआ पाराक्रासिंग यावत् अगच्छत्, यत्र दलसमर्थकानां स्थानीयनिवासिनां च विशालः मतदानः अभवत् ममता बनर्जी इत्यस्याः सक्रियसङ्गतिः निर्वाचनस्य अनन्तरं चरणानां पुरतः सामरिकं कदमः इति दृश्यते।

पदयात्रायाः समये ममता बनर्जी जनानां सह संवादं कृतवती, तेषां अभिवादनं स्वीकृतवती, स्थानीयतायाः अन्तः विविधानि धार्मिकस्थलानि अपि गतवती सा प्रार्थनां कर्तुं जैनमन्दिरस्य अपि भ्रमणं कृतवती, तस्मात् तस्याः राजनीतिस्य ब्राण्ड् सर्वान् समुदायान् आलिंगयितुं, सह नेतुम् च उद्दिश्यते इति सन्देशं प्रसारयितुं प्रयत्नं कृतवती तस्याः आधिकारिकसामाजिकमाध्यममञ्चेषु सम्पूर्णस्य आयोजनस्य छायाचित्रं, भिडियो च साझां कृतम्; एतानि दृश्यानि द्रुतगत्या वायरल् भवन्ति, तस्याः समर्थकानां मध्ये उत्साहं च प्रेरयन्ति।

इदानीं पश्चिमबङ्गदेशे प्रथमचरणस्य मतदानस्य समापनं गुरुवासरे सायं ६:०० वादने शान्तिपूर्वकं जातम्। मतदानप्रक्रियायाः कालखण्डे सर्वेषु मतदानकेन्द्रेषु कठोरसुरक्षाव्यवस्थाः कृताः येन सम्भाव्यविकाराः न भवन्ति। खड़गपुरस्य सेर्सा-क्रीडाङ्गणे स्थिते मतदानकेन्द्रे मतदानस्य आधिकारिकरूपेण समाप्तिपर्यन्तं सर्वेषां योग्यमतदातानां मताधिकारस्य प्रयोगः कृतः आसीत्, सायंकाले यावत् तत्र मतदानप्रक्रिया पूर्णतया स्थगितवती आसीत् तदनन्तरं मतदानकेन्द्रस्य मुख्यद्वारं बन्दं जातम्-दिवसपर्यन्तं यावत् चलितस्य निर्वाचनव्यायामस्य समापनम् इति प्रतीकात्मकं इशारा।

इदानीं मतदानस्य समाप्तेः अनन्तरं सर्वेषां प्रतियोगिनां अभ्यर्थीनां निर्वाचनभाग्यं इलेक्ट्रॉनिकमतदानयन्त्राणां (ईवीएम) अन्तः मुद्रितम् अस्ति। निर्वाचनआयोगस्य कठोरपरिवेक्षणेन एतानि ईवीएम-इत्येतत् सम्प्रति निर्दिष्टेषु दृढकक्षेषु सुरक्षितरूपेण संगृहीताः सन्ति। पारदर्शिता, निष्पक्षता च भवतु इति सम्पूर्णप्रक्रियायाः निकटतया निरीक्षणं क्रियते।

#### प्रिया कंसरा हॉलीवुड्-नगरे

## दक्षिण-एशिया-प्रतिनिधित्वे आनन्दं प्रकटयति

ब्रह्मास्त्र ›› मुम्बई

भारतीयमूलस्य अभिनेत्री प्रिया कंसरा इत्यनेन दक्षिण एशियायाः कलाकारानां हॉलीवुड्-मध्ये वर्धमानं प्रतिनिधित्वं दृष्ट्वा सन्तुष्टिः प्रकटिता अस्ति। प्रोजेक्ट हेल मेरी इत्यादिषु प्रमुखेषु चलच्चित्रेषु स्वस्य स्वरं ऋणं दत्तवती प्रिया इत्यस्याः मतं यत् भारतीयाः कलाकाराः मुख्यधारायां हॉलीवुड्-चलच्चित्रेषु, बृहत्-बजट-प्रकल्पेषु च रूढिगत-भूमिकासु एव सीमिताः न सन्ति अपितु ते अधुना विविधाः सार्थकाः च भूमिकाः सुरक्षिताः सन्ति। सा ब्रिटिशकालस्य नाटकेन ब्रिजर्टन् इत्यनेन स्वस्य कार्यक्षेत्रस्य आरम्भं कृतवती ततः परं यत् विकासं जातम् तत् अत्यन्तं सकारात्मकं मन्यते।

बाल्यकालस्य अनुभवान् स्मरणं कुर्वन्ती प्रिया अवलोकितवती यत् पूर्वं स्वसदृशाः अभिनेत्र्याः अतीव सीमितरूपेण रूढिगतरूपेण च भूमिकासु नियोजिताः भवन्ति अथवा संक्षिप्तरूपेण दृश्यमानानां पर्दातः केवलं विलुप्ताः भवन्ति इति परन्तु इदानीं स्थितिः परिवर्तते, तस्याः परिचये नूतनं आयामं योजयन्तः भूमिकासु सा दृश्यते। ब्रिड्जर्टन् इत्यस्मिन् स्वस्य अनुभवस्य विषये वदन्त्याः सा तत् प्रमुखं नेत्र-उद्घाटकं इति वर्णितवती, यतः सा कदापि न कल्पितवती यत् सा एकस्य अवधिनाटकस्य भागः भविष्यति यत्र अन्याः दक्षिण एशियायाः अभिनेत्राः अपि तस्याः पार्श्वे प्रमुखाः मुख्यभूमिकाः धारयन्ति स्म अभिनयजगति अन्तः स्वस्य मूलस्य विषये वदन्त्याः प्रिया अपि बालिवुड् प्रति स्वस्य गहनं स्नेहं साझां कृतवती। सा प्रकटितवती यत् सा दिलवाले दुल्हनिया ले जायेन्गे, लगान, देवदास, जब वी मेट्, बन्टी और बबली इत्यादीनां चलच्चित्रेषु पश्यन्ती वर्धिता– एतानि चलच्चित्राणि तस्याः कृते।

## सीबीएसई कक्षा 10 द्वितीय बोर्ड परीक्षा अनुसूची जारी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

केन्द्रीयमाध्यमिकशिक्षामण्डलेन दशमवर्गस्य छात्राणां कृते द्वितीयमण्डलपरीक्षायाः तिथिपत्रं प्रकाशितं ये स्वाङ्कसुधारं कर्तुम् इच्छन्ति। अस्याः द्विस्तरीयपरीक्षाव्यवस्थायाः अन्तर्गतं-नवीनशिक्षानीत्याः अनुरूपं कार्यान्विता-द्वितीयः बोर्डपरीक्षा १५ मेतः २१ मे, २०२६ पर्यन्तं भविष्यति।आधिकारिकरूपेण विमोचितस्य समयसूचनानुसारं परीक्षाः १५ मे दिनाङ्के गणितपत्रेण (मूलभूत-मानकस्तरयोः) सह आरभ्यन्ते, २१ मे दिनाङ्के सामाजिकविज्ञानपत्रेण सह समाप्ताः भविष्यन्ति। बोर्डस्य अधिकारिणां मते शुक्रवासरे अस्याः परीक्षायाः कृते उपस्थितानां छात्राणां सटीकसङ्ख्या सार्वजनिका भविष्यति, ततः किञ्चित्कालानन्तरं छात्राणां प्रवेशपत्राणि आधिकारिकजालस्थले उपलभ्यन्ते।

## राशिफल

**मेष** : अंत में आप देखेंगे कि आपकी प्रतिभा आपके काम आएगी और आप आसानी से सफल हो जाएंगे।

**वृषभ** : सब कुछ भगवान की इच्छा के अनुसार होगा. बेहतर भविष्य के लिए रचनात्मक योजनाएं बनाएं।

**मिथुन** : आप जो कुछ भी चाहते हैं, उसे प्राप्त करना हमेशा संभव नहीं होता है, विशेषकर विलासिता की वस्तुएं।

**कर्क** : आपको अपने परिवार के साथ कुछ वक्त बिताना चाहिए। आपका प्रेम जीवन समृद्ध रहेगा।

**सिंह** : स्थिति में सुधार के लिए आपको कुछ वित्तीय विचारों के साथ प्रयोग करने की आवश्यकता है।

**कन्या** : दिन आपको अपने बारे में और अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बहुत कुछ सीखने में मदद करेगा।

**तुला** : आपको अपने करियर और नौकरी के अवसरों पर ध्यान देने की जरूरत है ताकि आप महत्वपूर्ण अवसर न चूकें।

**वृश्चिक** : छोटी बचत से शुरूआत करें और देखें कि आपका प्रदर्शन कैसा रहता है। आपको सावधान रहना चाहिए।

**धनु** : ये दिन आपको जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कराने वाला है। सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** : अगर आप शादी के बारे में सोच रहे हैं तो इसे फिलहाल टाल देना ही बेहतर है। आपको लोगों से मदद और सपोर्ट मिलेगा।

**कुंभ** : अपने परिवार या रिश्तेदारों से सलाह लें, जो खराब वक्त में आपका साथ दें। आपके प्रेम संबंध मधुर बने रहेंगे।

**मीन** : आपका करियर और लोगों के साथ व्यवहार बनाना। आपको अपनी आर्थिक स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# देवगुरु बृहस्पति 2 जून को करेंगे उच्च राशि में गोचर, जानिए मेष से मीन राशियों तक प्रभाव

धनु और मीन राशि के स्वामी ग्रह देवगुरु बृहस्पति 02 जून को अपनी उच्च राशि कर्क में गोचर करेंगे। ऐसे में आइए जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि वाले जातकों पर कैसा प्रभाव पड़ेगा।

जल्द ही सबसे बड़े और शुभ ग्रह माने जाने वाले देवगुरु बृहस्पति राशि परिवर्तन करने वाले हैं, जिसका प्रभाव देश-दुनिया के साथ-साथ सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलेगा। पंचांग के अनुसार, देवताओं के गुरु बृहस्पति 2 जून 2026 को अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करने वाले हैं, जो इस राशि में 31 अक्टूबर 2026 तक रहेंगे, फिर इसके बाद सिंह राशि में गोचर करेंगे। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में गुरु को देवताओं का गुरु माना जाता है जो किसी एक राशि में करीब 13 महीनों तक रहते हैं, लेकिन गुरु अतिचारी चाल से चल रहे हैं यानी गुरु की चाल में तेजी है जिसके कारण यह जल्दी-जल्दी राशि परिवर्तन कर रहे हैं। गुरु 2 जून 2026 को अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। आइए जानते हैं गुरु के उच्च राशि में प्रवेश करने से सभी 12 राशियों पर कैसा प्रभाव पड़ेगा।

**मेष राशि-** बृहस्पति आपके नौवें और बारहवें भाव के स्वामी हैं और 2 जून को गुरु का राशि परिवर्तन आपकी कुंडली के चौथे भाव में होगा। ऐसे में यह मेष राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ और लाभकारी साबित होगा। नौकरी-व्यापार में लाभ के योग हैं साथी ही भूमि-भवन और वाहन का सुख मिलेगा। गुरु चौथे भाव में रहकर अपनी सप्तम दृष्टि से कर्म के स्थान को प्रभावित करेंगे जिससे नौकरी में प्रमोशन के योग हैं।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के जातकों के लिए बृहस्पति आपके आठवें और ग्यारहवें भाव के स्वामी हैं। गुरु के कर्क राशि में गोचर आपके तीसरे भाव में होगा, जिससे आपके साहस में वृद्धि होगी और ट्रैवल और टूरिज्म से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। वहीं व्यापार में साझेदारी करने से लाभ होगा और जीवनसाथी संग बेहतर रिश्ता बनेगा।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए बृहस्पति सातवें और दसवें भाव के स्वामी हैं और 2 जून को कर्क राशि में गोचर करने से यह आपकी कुंडली के दूसरे भाव यानी धन और वाणी में होंगे जिससे आपको खुशी के पल मिलेंगे और वित्तीय स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा। कार्यस्थल पर प्रमोशन और सफलता के योग है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए बृहस्पति आपके छठे और नौवें भाव के स्वामी हैं और 2 जून को आपके लग्न भाव में ही विराजमान होंगे जिससे आपके आत्म-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा और व्यक्तित्व में वृद्धि होगी। लेकिन आपकी राशि के लिए गुरु छठे भाव के स्वामी होने के कारण शत्रुओं में इजाफा और कई तरह की चुनौतियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के लिए बृहस्पति आपके पांचवें और आठवें भाव के स्वामी हैं। 02 जून को आपकी राशि के लिए गुरु 12वें भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में आपके खर्चों में वृद्धि कर सकते हैं। इसके अलावा करियर में सुरक्षा मिलेगी लेकिन धर्म और आध्यात्म की तरफ आपका रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए बृहस्पति ग्रह आपके चौथे और सातवें भाव के स्वामी हैं। गुरु के गोचर करने से आपके लिए 11वें भाव में गोचर करेंगे जिससे आपकी आय में इजाफा और इच्छाओं की पूर्ति होगी क्योंकि कुंडली का 11वां भाव धन और इच्छाओं की पूर्ति का होता है।

**तुला राशि-** तुला राशि के जातकों के लिए बृहस्पति आपके छठे और तीसरे भाव के स्वामी हैं। 2 जून का गुरु का कर्क राशि में गोचर करने से यह आपके दशम में होंगे। तुला राशि के जातकों के लिए गुरु अच्छे नहीं माने जाते हैं। ऐसे में आपको अपने जीवन में संघर्षों और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान आपको वाद-विवाद से बचना होगा।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि के जातकों बृहस्पति आपके दूसरे और पांचवें भाव के स्वामी हैं। गुरु के कर्क राशि में गोचर ये अपने स्वंय के घर यानी नवम भाव में होंगे जिससे भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। कार्यो में प्रगति के अवसर मिलेंगे। संतान और शिक्षा से संबंधित लाभ की प्राप्ति होगी।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए बृहस्पति आपके पहले और चौथे भाव के स्वामी हैं। गुरु के गोचर करने से यह आपके अष्टम भाव में गोचर करेंगे जिससे आपको आध्यात्मिक लाभ की प्राप्ति होगी।

**मकर राशि-** मकर राशिवालों बृहस्पति ग्रह आपके तीसरे और बारहवें भाव के स्वामी हैं। ऐसे में गुरु के कर्क राशि में गोचर करने से देवगुरु बृहस्पति आपके सातवें भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में आपको व्यापार में साझेदारी से फायदा मिलेगा और आय के अवसरों में वृद्धि होगी। लाभ के अवसरों में वृद्धि होगी।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों के लिए बृहस्पति दूसरे और ग्यारहवें भाव के स्वामी हैं। आपके लिए देवगुरु बृहस्पति का गोचर छठे भाव में होगा। कुंडली का यह भाव रोग, ऋण, शत्रु और संघर्स को होता है। ऐसे में आपको कुछ चुनौतियां का सामना करना पड़ता है।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए बृहस्पति पहले और दसवें भाव के स्वामी हैं। 2 जून को मीन राशि वालों के लिए गुरु पचंम भाव में गोचर करेंगे जिससे आने वाले दिनों में आपको कई तरह की राहत मिलेगी।

## खबर एक नजर...

### उन्हेल के 2 लोगों की उपचार के दौरान मौत

**उज्जैन।** उन्हेल के ग्राम लोकोड़ा आंजना से कन्हैया पिता मोहननाथ 30 साल को शुक्रवार सुबह परिजन उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे थे। कन्हैया ने जहरीला पदार्थ खाया था। वहीं 22 अप्रैल को उन्हेल के खोप मोहल्ला में रहने वाला जगदीश पिता नाथुलाल भनोपा 50 साल उन्हेल चौपाटी पर हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। परिजनों ने फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान दोनों की शुक्रवार दोपहर मौत हो गई। कन्हैयानाथ का पोस्टमार्टम चिमनगंज थाना एएसआई राजेश पंचोली द्वारा मर्ग कायम करने के बाद कराया गया। वहीं जगदीश का पोस्टमार्टम माधवनगर थाना पुलिस द्वारा कराया गया। दोनों थाना पुलिस का कहना था कि मामले उन्हेल थाना क्षेत्र के होने पर मर्ग डायरी संबंधित थाने को जांच के लिये सौंपी जायेगी।

### नागपुर और मंदसौर में मिली देवासगेट से लापता युवतियां

**उज्जैन।** पिछले कुछ दिनों में देवासगेट बस स्टेंड क्षेत्र से 2 युवतियां लापता हो गई थी। दोनों के परिजनों ने देवासगेट थाना पुलिस को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि 1 अप्रैल को ग्राम धनोडिया राघवी के रहने वाले युवक ने शिकायत दर्ज कराई थी कि महिदपुर जाने के लिये बस में सवार हुआ था। उसी दौरान पत्नी बच्ची के लिये अंगूर लेने उतरी और वापस नहीं लौटी। वहीं कुछ दिन पहले चिमनगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक ने शिकायत दर्ज कराई कि बहन को प्रैक्टिकल परीक्षा के लिये देवासगेट कालिदसा गर्ल्स कॉलेज में छोडकर गया था। लेकिन वापस कॉलेज आने पर पता चला कि वह कॉलेज में आई नहीं थी। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों युवतियां बालिग थी जिसके चलते गुमशुदगी दर्ज कर तलाश के लिये एएसआई रामेश्वर धानुक, प्रधान आरक्षक अवधेश प्रतापसिंह की टीम बनाई गई। ग्राम धनोडिया की रहने वाली युवती को गुरूवार देर शाम मंदसौर के सीतामऊ से दस्तयाब कर लिया गया। उसका कहना था कि पति से विवाद और प्रताड़ना के चलते अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। चिमनगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती महाराष्ट्र के नागुपर में मिली। पूछताछ में उसने बताया कि मर्जी से अपने मित्र के साथ नागपुर गई थी। दोनों को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### महाकाल क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे 3 बदमाश गिरफ्तार

**उज्जैन।** महाकाल थाना क्षेत्र में चाकू लेकर घूम रहे 3 बदमाशों को पुलिस गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किये है। थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर क्षेत्र में लगातार भ्रमण और तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भूखी माता मंदिर मार्ग से चाकू लेकर घूम रहे बदमाश शहनवाज पिता नवाब 21 साल निवासी जानसापुरा को हिरासत में लिया गया। वहीं सर्कल भ्रमण के दौरान सूचना मिलने पर नृसिंहघाट चौराहा से शराफत पिता शफी मोहम्मद 40 साल निवासी जानसापुरा को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से भी चाकू बरामद किया गया। एक अन्य मामले में भारत माता मंदिर के पास से पियुष पिता अखिलेश गुप्ता 20 साल निवासी सीतानगर गुजरखेड़ा, जिला इंदौर (हाल मुकाम उज्जैन) को चाकू के साथ गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज कर शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 468-8 | 256-3 |
| मेन बाजार | 780-5 | 399-1 |
| मिलन डे | 890-7 | 234-9 |
| मिलन नाइट | 188-7 | 179-7 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 7 | 0 |


## सोशल मीडिया पर मैसेज भेज पति-पत्नी ने गले में डाला था मौत का फंदा

# जीवन रक्षक बनकर थाना प्रभारी ने तोड़ा दरवाजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सोशल मीडिया पर सामने आये मैसेज को देख थाना प्रभारी नजरपुर पहुंचे और जीवन रक्षक बनकर मकान का दरवाजा तोड़ दिया। कमरे में पति-पत्नी फंदे पर लटके थे, दोनों को नीचे उतारा गया और अस्पताल पहुंचाया। दोनों की जान बचा ली गई।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल को गुरूवार रात जानकारी मिली कि ग्राम नजरपुर में रहने वाले आफिस पटेल और उसकी पत्नी रीना ने पारिवारिक विवाद में आत्मघाती कदम उठाने का मैसेज वाट्सएप स्टेटस पर शेयर किया है। थाना प्रभारी एसआई अलकेश डांगेऔर प्रधान आरक्षक राजेन्द्र राठौर के साथ तुरंत नजरपुर आफिस पटेल के मकान पर पहुंचे। इस दौरान पता चला कि काफी देर से दरवाजा बंद है। आवाज लगाई गई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। थाना प्रभारी ने आसपास



खिड़की से देखा तो आसिफ और उसकी पत्नी फंदे पर लटके थे। थाना प्रभारी ने दोनों को बचाने के लिये दरवाजा तोड़ा और अंदर पहुंचे, इस दौरान आसपास के लोग भी एकत्रित हो गये। फंदे पर लटके दोनों पति-पत्नी को गोद में उठाया गया और एसआई अलकेश ने गले से रस्सी का फंदा खोला। दोनों की सांस चल रही थी, तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों परीक्षण के बाद बताया कि अगर चंद मिनट की देरी होती तो दोनों की जान जा सकती थी। शुक्रवार दोपहर को दोनों के पूरी तरह से स्वस्थ्य होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इस दौरान पूरे नजरपुर में थाना प्रभारी की तत्परता और जीवन रक्षक बनकर दरवाजा तोड़ने की चर्चा दिनभर चलती रही। पति-पत्नी की जान बचने के बाद थाना प्रभारी खोवाल ने पूरे परिवार को थाने बुलाया और समझाईश दी। परिवार ने साथ मिलकर रहने की बात कहीं।

**शासन को भेजेंगे पदक का प्रस्ताव-** एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने वाट्सएप स्टेटस पर मिली सूचना के बाद टीम के साथ पहुंचकर 2 लोगों की जान बचाई, जो काफी सराहनीय काम है। हमारी ओर से शासन को जीवन रक्षक पद दिये जाने के लिये प्रस्ताव भेजा जायेगा।

### दूसरी शादी करने पर किया था बेदखल

बताया जा रहा है कि आफिस टाईल्स लगाने का काम करता है। उसकी पहले शादी हो चुकी थी 2 बच्चे भी है। काम में दौरान रीना से उसका परिचय हुआ और उसने दूसरी शादी कर ली। आसिफ के पिता शफीक अहमद पटेल इस बात से नाराज थे और उसे अलग कर दिया था। आसिफ ने अपना हिस्सा मांगा, इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में पारिवारिक विवाद शुरू हो गया था। पिता और आसिफ की पहली पत्नी उज्जैन में परिवार पूरे परिवार के साथ रहते है। नजरपुर उनका पैतृक गांव है।

### मैसेज में लिखे पूरे परिवार के नाम

आसिफ और उसकी पत्नी ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले वाट्सएप स्टेटस पर मैसेज पोस्ट किया था। जिसमें बताया था कि मैं गांव नजरपुर घट्टिया का रहने वाला हूं। मैसेज में माता-पिता और पहली पत्नी सहित परिवार के 10 सदस्यों के नाम लिखे थे। जिन्हे अपनी मौत का जिम्मेदार बातकर लिखा था इन सबने हमको घर में रहने नहीं दिया। इसलिये हम मर रहे है।

# डिवाइडर से टकराई बाइक जीजा की मौत साला घायल




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर मार्ग पर शुक्रवार सुबह हादसा हो गया। बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में जीजा की मौत हो गई, साला घायल हुआ है। अमेठी के पास कलंदरगढ़ से परिजनों के आने पर शव सौंपा गया है।

चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम गंगेडी मार्ग पर सुबह बाइक अनियंत्रित होने के बाद मार्ग के बीच लगे डिवाइडर से टकरा गई थी। बाइक पर 2 युवक सवार थे। गंभीर घायल होने पर उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक की मौत होना सामने आया। घायल से पूछताछ करने पर सामने आया कि उसका नाम परमजीत पिता रामकिशोर चौहान 18 साल निवासी कलंदरगढ़ अमेठी है। उसके साथ जीजा कमलेश पिता रामदुलारे चौहान 21 साल थे। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी। मामले में मर्ग कायम कर मृतक कमलेश का पोस्टमार्टम कराया गया। देर शाम परिवार के सदस्यों के उज्जैन पहुंचने पर शव सौंपा गया। कमलेश का शव अंतिम संस्कार के लिये अमेठी ले जाया गया है। इस दौरान घायल ने बताया कि वह अहमदाबाद में लाइट फिटिंग का काम करते थे। काम खत्म होने पर बाइक से अमेठी जाने के लिये निकले थे। बाइक जीजा कमलेश चला रहा था।

# बिना नम्बर की एक्टिवा से बेचने निकले थे शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सर्कल भ्रमण के दौरान गुरूवार-शुक्रवार रात पुलिस ने बिना नम्बर की एक्टिवा पर सवार 2 युवकों को पकड़ा। जिनके पास पान मासले के झोले में भरी हजारों की अवैध शराब बरामद हो गई।

माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक आशुतोष नागर, आरक्षक देवराज और रोहित भदौरिया रात में सर्कल भ्रमण पर थे। इसी दौरान खबर मिली कि पीजीबीटी कॉलेज ग्राउंड में कैटिंग के पास बिना नम्बर की एक्टिवा पर सवार 2 युवक शराब बेचने आये हुए है। तत्काल भ्रमण टीम ने पहुंचकर दो युवकों को पकड़ा। कुछ दूरी पर उनकी एक्टिवा खड़ी थी, जिस पर 2 पान मासले के झोले रखे थे। प्रधान आरक्षक ने झोलों की तलाशी ली तो उसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे पाये। युवकों से पूछताछ करने पर उनके नाम संदीप पिता लक्ष्मीनारायण कौशल 27 साल निवासी पंवासा और ऋषि पिता प्रेमचंद्र चौहान 37 साल निवासी बजरंग नगर आगररोड सामने आये। दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जहां आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। उनके पास मिली शराब



53.280 बल्क लीटर (296 क्वार्टर) कीमत 27 हजार थी। दोनों से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि शराब इंदौर के पास भान बडोदिया से बेचने के लिये लाये थे। शुक्रवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। धार्मिक नगरी की नगर निगम सीमा में शराब प्रतिबंधित होने के बाद से अवैध कारोबार काफी बढ़ गया है। माधवनगर, चिमनगंज, नीलगंगा, नानाखेड़ा, नागझिरी थाना क्षेत्र में लगातार अवैध शराब की बरामदगी होना सामने आ रहा है। शराब इंदौर और देवास के रास्ते शहर में लाई जा रही है।

# तापमान 42 डिग्री : 8 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली गर्म हवा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अप्रैल माह का अंतिम सप्ताह शुरू हो चुका है और तापमान तेजी से बढ़ रहा है। शुक्रवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। तापमान 41.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो 42 डिग्री के करीब पहुंचा है। संभावना है कि कुछ दिनों में 44 डिग्री भी दर्ज हो सकता है।

मौसम विभाग के अप्रैल माह के अंत में भीषण गर्मी का अलर्ट पहले ही जारी कर दिया था, जो अब सटिक साबित होता दिखाई दे रहा है। पिछले कुछ दिनों से तापमान 40 डिग्री के आसपास बना हुआ था, जो शुक्रवार को 42 डिग्री के करीब पहुंच गया। दिन में 8 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल



रही हवा भी गर्म महसूस हो रही थी। इससे पहले गुरूवार-शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री के करीब 21.8 दर्ज किया गया था। बढ़ते तापमान के बीच शुक्रवार को सुबह की आर्द्रता का प्रतिशत 36 और शाम को 13 रहा। मौसम विभाग की माने तो अब सूरज के तेवर ओर तीखे होगें। कुछ दिनों में शहर का तापमान 44 डिग्री के आसपास पहुंच सकता है। मई माह भीषण गर्मी (हीटवेव) के बीच गुजर सकता है। लू का खतरा भी काफी बढ़ सकता है। शुक्रवार को तापमान में आई तेजी के बाद दोपहर में सड़कों पर चलना परेशानी भर हो गया था। आवागमन भी काफी कम हो चुका था। बढ़ते तापमान से लोगों के स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले असर को देखते हुए शासकीय चरक अस्पताल में उपचार संबंधित सभी व्यवस्था को पुख्ता कर लिया गया है। अस्पताल पहुंच रहे घबराहट और थकान से भरे मरीजों को गर्मी से बचने की सलाह दी जा रही है।

### गन्ने के जूस की बढ़ी खपत

गर्मी में गन्ने के जूस की खपत काफी बढ़ गई है। शहरभर में ठेलों पर गन्ने की चरखी लगी दिखाई दे रही है। ठेलों पर चरखी लगने से मधुशाला की संख्या काफी कम हो गई है। दिन में गर्मी से राहत पाने के लिये गन्ने के जूस का सहारा लिया जा रहा है। वहीं अंधेरा ढलने के बाद खुली हवा में निकलने वाले भी गन्ने के जूस का लुफ्त उठा रहे है। यहीं नही बोतल बंद शीलत पेय की खपत भी काफी बढ़ गई है। जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक भी बन सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com